**रमजान मुबारक**

**रविवार 20वां रोजा**
इफ्तार
सुन्नी- 6 बजकर 35 मिनट
शिया- 6 बजकर 41 मिनट

**सोमवार 21वां रोजा**
खत्म सहरी
सुन्नी- 4 बजकर 42 मिनट
शिया- 4 बजकर 39 मिनट
















**एक नजर**

## प्रजापति परिवार का होली मिलन आज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रजापति परिवार मुरादाबाद की ओर से रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन शाहपुर रोड खुशहालपुर स्थित रॉयल बैंक्वेट हाल में किया गया है। आयोजकों ने बताया कि दिन में 11 से 2 बजे तक चलने वाले आयोजन में प्रजापति परिवार के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

# अति पिछड़ा समाज को प्रतिनिधित्व न देने पर रोष

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**बैठक**
- सभी राजनीतिक दलों पर लगाया टिकट न देने का आरोप
- कहा-चुनाव के मुद्दे पर अगली बैठक में निर्णय लिया जाएगा

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय अति पिछड़ा महासंघ की बैठक रामगंगा विहार स्थित एक फिजियोथेरेपी सेंटर में हुई। जिसमें वक्ताओं ने सभी पार्टियों द्वारा अति पिछड़े समाज को टिकट न दिए जाने पर रोष जताया। राष्ट्रीय अध्यक्ष जयपाल सैनी ने कहा कि इस मुद्दे पर अगली बैठक में निर्णय लिया जाएगा।

शनिवार को आयोजित बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आजादी से अब तक सभी पार्टियों ने अति पिछड़ा समाज की उपेक्षा की है। किसी भी पार्टी ने समाज को राजनीतिक हिस्सेदारी नहीं दी। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामेश्वर दयाल तुरैहा ने कहा कि कश्यप, सैनी, पाल, प्रजापति सैन, आदि अति पिछड़े समाज के मतदाताओं को भी राजनीति में हिस्सेदारी मिलनी चाहिए। समाज को भी एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा। तभी समाज का महत्व बढ़ेगा। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष जयपाल सैनी ने की तथा संचालन राष्ट्रीय महासचिव डॉ. राजकुमार कश्यप ने किया।

इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेम सिंह बौद्ध, डॉ. रमाकांत ठाकुर, राजपाल कश्यप, सुखबीर सिंह धनगढ़, डॉ. सियाराम प्रजापति, तिलक राज शर्मा, रोहिताश कश्यप, भगवान दास सैनी, आरके सैनी, नृपेंद्र सिंह ठाकुर, संजय प्रजापति, प्रदीप चौहान आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष का पाल समाज ने किया स्वागत

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** अखिल भारतीय पाल महासभा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश पाल ने पूर्व पार्षद व भाजपा नेत्री राजेश कुमारी पाल के आवास पर उनसे भेंट की।

शनिवार को मुरादाबाद पहुंचे पाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश ने कहा कि हमारा समाज इतिहास रचने वाला रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा समाज किसी पार्टी का पिछलग्गू नहीं रहेगा। कोशिश रहेगी कि समाज को भारत और उत्तर प्रदेश में संगठित कर एक मंच पर लाया जाए। हम सबको मिलकर समाज की भलाई के लिए काम करना होगा। जिले में संगठन की प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमारी पाल ने समाज के लिए कार्य किया है। इस दौरान योगेंद्र पाल, रघुनंदन पाल, प्रमोद पाल, राजपाल सिंह, करण सिंह, लक्ष्मण सिंह, पाल, हरपाल सिंह, हेमराज पाल, परसोती लाल, गुलाब पाल, नौबत सिंह, राजेश पाल रहे।

### मुरादाबाद लोकसभा सीट से नामांकन पत्रों की जांच में 13 प्रत्याशियों के पर्चे मिले थे वैध

# वकी रशीद ने वापस लिया पर्चा, मैदान में 12 प्रत्याशी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** लोकसभा सीट से नामांकन प्रक्रिया के क्रम में शनिवार को नाम वापसी का दिन था। दोपहर तक कोई भी प्रत्याशी नाम वापस लेने नहीं आए। दोपहर के बाद वकी रशीद ने प्रस्तावक के माध्यम से अपना नाम वापस ले लिया। इस प्रकार अब चुनाव मैदान में 12 प्रत्याशी रह गए हैं। जिनके बीच मुकाबला होगा।

मुरादाबाद लोकसभा सीट से शनिवार को वकी रशीद ने नामांकन वापस लिया। अब चुनाव मैदान में 12 प्रत्याशी हैं। रिटर्निंग अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि लोकसभा सीट से प्रत्याशी वकी रशीद ने नामांकन वापस लेने की सूचना अपने प्रस्तावक जुनैद खान के माध्यम से लिखित में उनके कार्यालय में दी है। इसलिए उनका नामांकन वापस कर दिया गया। अब 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।


कलेक्ट्रेट में चुनाव चिह्न दिखाते प्रत्याशी व प्रतिनिधि। ● अमृत विचार

जांच में जिन 13 प्रत्याशियों के पर्चे सही पाए गए थे। इसमें मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्य राजनैतिक दलों में भाजपा के कुंवर सर्वेश कुमार सिंह, सपा की रुचि वीरा, बसपा के मोहम्मद इरफान सैफी के अलावा अपना हक पार्टी के अजय यादव, भारतीय बहुजन समता पार्टी के ओंकार सिंह, राष्ट्रीय कांग्रेस (जे) पार्टी के गंगाराम शर्मा, समता पार्टी के शकील अहमद, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर आफ इंडिया (कम्युनिस्ट) के हरकिशोर शामिल रहे। इसके अलावा निर्दलीय अमरजीत सिंह, मोहम्मद जमशेद, मुशर्रत हुसैन, वकी रशीद और साधना सिंह के नाम जांच में सही पाए गए थे। वकी रशीद के नाम वापस लेने के बाद अब चुनाव मैदान में 12 प्रत्याशी रह गए।

**इनके नामांकन हुए थे जांच में निरस्त**
डॉ. एसटी हसन, शीशपाल, सरताज आलम, संदीप त्रिवेदी, प्रदीप कुमार यादव।

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा, हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

## बंद पड़े आईटीआई कालेज में बन रहे थे हथियार, लोकसभा चुनाव में खपाने की थी तैयारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जनपद संभल के थाना बनियाठेर स्थित कस्बा नरौली का हिस्ट्रीशीटर उस्मान अपने साथियों के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव में खपाने के लिए अवैध शस्त्र बना रहा था। मूंढापांडे थाना क्षेत्र में बंद पड़े आईटीआई कालेज के कमरे में आरोपी शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके अवैध शस्त्र फैक्ट्री का पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने मौके से बने व अधबने तमंचे भी बरामद किए हैं।

शनिवार को पुलिस लाइन में हुई प्रेसवार्ता में एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि अवैध शस्त्र बनाने वाले व शस्त्र फैक्ट्री संचालकों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चला रखा है। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि थाना मूंढापांडे क्षेत्र में बंद पड़े आईटीआई के भवन में अवैध शस्त्र बनाए जाने की फैक्ट्री संचालित हो रही है। फैक्ट्री हिस्ट्रीशीटर उस्मान निवासी कस्बा नरौली थाना बनियाठेर जनपद संभल चला रहा है। पुलिस की टीम ने छापा मारा तो उस्मान मौके पर ही पकड़ा गया। वहां से तीन तमंचे, अधबने 11 तमंचे, 12 बोर की तीन नाल, 22 नाल 315 बोर, दो रेती, एक लोह काटने वाली आरी, उसके ब्लेड, प्लास, पेचकश, संडासी, लुखानी, 12 बोर के आठ कारतूस व एक खोखा कारतूस 315 बोर व अन्य शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं। पुलिस ने उस्मान के पास से बाइक व 310 रुपये, मोबाइल फोन भी बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि लोकसभा चुनाव होने वाले है, जिसमें लोग तमंचों की मांग करते हैं। मांग के अनुसार ही तमंचे बनाकर दिए जाते हैं। एक तमंचा तीन से साढ़े तीन हजार रुपये में बिकता है। पुलिस ने आरोपी उस्मान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

- आरोपी से बाइक और मोबाइल बरामद, बने-अधबने कई तमंचे भी मिले


अवैध शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक (नगर) अखिलेश भदौरिया।


अवैध शस्त्र फैक्ट्री से बरामद तमंचे। ● अमृत विचार

### उस्मान के खिलाफ दर्ज हैं 45 केस

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एसपी सिटी ने बताया कि उस्मान संभल के बनियाठेर थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ चोरी, लूट, डकैती सहित अन्य मामलों में 45 केस दर्ज हैं। 2011 में सबसे पहले चंदौसी थाने में दर्ज हुआ। संभल से बहजोई, बनियाठेर, हयातनगर थानों में आरोपी के खिलाफ मामले दर्ज हैं। मुरादाबाद के सिविल लाइंस, कुंदरकी थाना के अलावा अमरोहा के डिडौली थाना में जानलेवा हमले का मामला दर्ज है।

### खुलासा करने वाली टीम

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अवैध शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा करने व आरोपी को गिरफ्तार करने का कार्य थाना मूंढापांडे प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र कुमार ने टीम के साथ किया है। जिसमें वरिष्ठ उपनिरीक्षक मदनपाल सिंह, दरोगा अनंगपाल सिंह, हेड कांस्टेबल जबर सिंह, सिपाही दिग्विजय सिंह, अरुण कुमार व अरुण तोमर शामिल रहे।

# ईपीसीएच चुनाव के लिए दोबारा शुरू हुआ ऑनलाइन मतदान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पहले ई-वोटिंग के सिस्टम में गड़बड़ी बताकर निरस्त हो गई थी प्रक्रिया
- ईपीसीएच चुनाव की ऑनलाइन ई-वोटिंग तीन अप्रैल तक जारी रहेगी

**अमृत विचार:** 23 से 27 मार्च तक हुई ई-वोटिंग के सिस्टम में गड़बड़ी की कथित शिकायतों के चलते ईपीसीएच चुनाव में निरस्त की गई ऑनलाइन मतदान की प्रक्रिया शनिवार को एक बार फिर से शुरू कर दी गई। ई-वोटिंग का लॉक खुलते ही मुरादाबाद में ईपीसीएच के अधिकतर सदस्य निर्यातकों ने अपना वोट ऑनलाइन सबमिट कर दिया। ईपीसीएच चुनाव की ऑन लाइन ई-वोटिंग तीन अप्रैल तक जारी रहेगी।

हस्तशिल्प निर्यात संवर्द्धन परिषद की प्रशासनिक समिति (सीओए) के सदस्य पद के लिए मतदान की प्रक्रिया पूर्व में 23 मार्च को शुरू की गई थी। यह 27 मार्च को खत्म होनी थी। अंतिम दिन ई वोटिंग में कथित गड़बड़ी की शिकायत मिलने के बाद हस्तशिल्प विकास आयुक्त कार्यालय के अधीन नियुक्त रिटर्निंग कमेटी ने मतदान प्रक्रिया निरस्त कर दी थी। ई-वोटिंग सिस्टम की त्रुटि दूर करने के बाद शनिवार को मतदान प्रक्रिया दोबारा शुरू की गई जो तीन अप्रैल तक चलेगी। चार अप्रैल को चुनाव परिणाम घोषित होगा। मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नवेदउर्रहमान, लघु उद्योग भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय गुप्ता जिम्मी ने मुरादाबाद के अधिकतर निर्यातकों द्वारा शनिवार को ही अपना वोट डाल दिए जाने की बात कही है। सीओए सदस्य के चुनाव में ईपीसीएच के सेंट्रल रीजन से दो पदों पर मुरादाबाद के चार निर्यातक उम्मीदवार हैं। मुरादाबाद समेत सेंट्रल रीजन के 2700 मतदाता निर्यातकों की तरफ से उनकी किस्मत तय की जानी है। चुनाव में दो-दो उम्मीदवारों को खड़े करके मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन व लघु उद्योग भारती आमने- सामने हैं।

# कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर शनिवार को जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन दिया। जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया।

जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने आरोप लगाया कि ईडी व इनकम टैक्स के जरिए भाजपा विपक्षियों दलों के नेताओं को आतंकित कर रही है। कहा कि कांग्रेस के खातों से पहले 136 करोड़ का आयकर वसूलने के बाद पिछले सात सालों के रिटर्न निकलवाकर 1900 करोड़ रुपये की जुर्माना वसूली का नोटिस चुनाव के समय में आयकर विभाग ने दिया है। जिलाध्यक्ष ने भाजपा पर विपक्ष विहीन राजनीति करने की कोशिश करने व लोकतंत्र को कलंकित करने का आरोप लगाया। कहा कि कांग्रेस पार्टी का बैंक खाता नरेंद्र मोदी सरकार के इशारे पर आयकर विभाग ने फ्रीज किया है। जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के प्रतिनिधि को सौंपा गया। इस दौरान राजेंद्र वाल्मीकि, अनूप दुबे, अजय सारस्वत सोनी, अमीरुल हसन जाफरी, विवेक गुप्ता, अकरम खां, अफजल साबरी, श्याम बाबू वाल्मीकि, भयंकर सिंह बौद्ध, शिशुपाल जाटव, इरशाद हुसैन, अनुराग शर्मा, मोहतशीम मुख्तार, गौरव त्रिवेदी रहे।


कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

- आयकर विभाग द्वारा बैंक खाता फ्रीज करने पर जताई नाराजगी

# ऐसा हो सांसद : जनता की समस्या से रखे सरोकार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मुरादाबाद में सांसद के चयन की बात पर लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं का कहना है कि सरकार की योजनाओं का पारदर्शिता के साथ लाभ दिलाए और जनता की बीच रहकर समस्याओं का निरस्ताण कराएं, पीड़ितों से सरोकार रखे। ऐसा हो हमारा सांसद।

मुरादाबाद की जनता अब चुने जाने वाले सांसद से ढेर सारी उम्मीदें लगाए बैठी है। कोई आयुष्मान कार्ड के नियमावली से परेशान है तो कोई प्रधानमंत्री आवासीय योजना के आवेदन के बाद विभागीय अधिकारियों की सुविधा शुल्क की मांग से। कोई कच्चे माल पर जीएसटी देने से कारोबार खत्म होने की बात कहता मिला तो किसी ने अतिक्रमण से परेशान दुखड़ा रोया। लोगों ने कहा की किसी रोजी रोटी पर आए संकट का हल करने वाले को देंगे वोट।


सांसद से जनता की उम्मीद पर विपुल बोले आयुष्मान कार्ड योजना के लिए सरकार को फिर से जनगणना करानी चाहिए। आयुष्मान कार्ड बनाने में स्वास्थ्य कर्मी खेल कर रहे हैं। जरूरतमंदों के आयुष्मान कार्ड नहीं बन पा रहे हैं। वहीं, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का ऑनलाइन आवेदन किया जाता है। जिसकी जानकारी के लिए विभाग द्वारा प्रचार नहीं किया जाता। जिससे आम जनमानस इस योजना के लाभ से वंचित है।
**-विपुल रस्तोगी**, दुर्गा मंदिर रोड पर फर्नीचर कारोबारी


गरीब और पात्रों के राशन कार्ड से नाम काट दिए जाते हैं। लाख कोशिश के बाद भी राशन कार्ड में दोबारा नाम बिना पैसे के नहीं चढ़ पाता। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के आवास के लिए कार्यालय में 10 हजार की रिश्वत मांगी जाती है। सांसद अगर जनता के बीच रहेगा तो गरीब जनता को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सकेगा और गरीबों को रिश्वत के लिए कर्ज नहीं मांगना पड़ेगा। ऐसे प्रत्याशी को वोट देंगे। जो गरीबों का भला कर सके।
**-अरुण कुमार उर्फ बबलू**, लाइनपार शास्त्री नगर निवासी


सांसद राजनीति करता है। वह जनता का ख्याल रखे सबसे पहले वह सरकार से वेतन न ले। महानगर के बड़े व्यापारी, कारोबारी सांसद से मिलकर लाभ उठाते हैं और पिछड़े, अति पिछड़े वर्ग के छोटे-छोटे कारोबारी पर जीएसटी का कानून थोप दिया गया। सांसद संसद में गरीब जनता की आवाज उठाने वाला होना चाहिए। उन्होंने बताया कि सांसद जनता के बीच रहकर उनके दुख-दर्द को समझे ऐसा न हो की जनता जाए तो उनके लोग बाहर जाने की बात कह कर जनता को टरका दें।
**-पंडित गजेंद्र प्रसाद पाराशर**


नगर निगम के जबरन अतिक्रमण हटाने में हमारी दुकान चली गई। गरीब जनता के वोट से चुने जाने वाला सांसद गरीबों की बात कहे और उनकी समस्या सुलझाए। यदि नगर के विकास के लिए कहीं अतिक्रमण हटाना जरूरी है तो सालों से परिवार को पालने के लिए रोजी-रोटी चलने वाले की कोई वैकल्पिक व्यवस्था की बात करने वाला सांसद हो। सांसद ऐसा हो जो क्षेत्र की समस्याओं के समाधान को समय दे। लोगों के सुख दुख में शामिल हो। समय-समय पर क्षेत्र का भ्रमण करे।
**-हबीब खान**, गलशहीद

**आयोजन** साहित्यिक मुरादाबाद शोधालय में साहित्यकार मिलन गोष्ठी का आयोजन

# सिर्फ चुनावों के समय वोटर होता खास...

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** साहित्यकार अशोक विश्नोई के सम्मान में जीलाल स्ट्रीट स्थित साहित्यिक मुरादाबाद शोधालय में साहित्यकार मिलन गोष्ठी हुई। साहित्यकारों ने शोधालय में संरक्षित दुर्लभ साहित्य, पांडुलिपियों, प्राचीन पत्रिकाओं और स्मारिकाओं को देखा। कहा कि मुरादाबाद की साहित्यिक विरासत को संजोने में यह महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है।

हेमा तिवारी भट्ट द्वारा प्रस्तुत मां सरस्वती वंदना से काव्य गोष्ठी की शुरुआत हुई। इसकी अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार वीरेंद्र सिंह बृजवासी ने सुनाया होली का हर रंग मुबारक, इक दूजे के संग मुबारक, जीवन भर हंसने-गाने का, ऐसा सुंदर ढंग मुबारक। अशोक विश्नोई ने जीवन संघर्षों को कुछ इस तरह उकेरा ...थका-थका सा जीवन अपना, बोझ बहुत है भारी, चलते- चलते पांव थके हैं, आधी मिली न सारी। संचालक डॉ. मनोज रस्तोगी ने चुनावी माहौल पर अपनी रचना सुनाई ...जैसे तैसे बीत गए पांच साल रे भैया, लगा बिछने वादों का जाल रे भैया, सोच समझकर इस बार करना तुम मतदान, बाद में न करना पड़ जाए मलाल रे भैया।

फक्कड़ मुरादाबादी ने कहा आदमी में किस तरह विष भर गया है, विषधरों का वंश भी अब डर गया है, कल सुनोगे आदमी के काटने से कोई सांप रास्ते में मर गया है। योगेन्द्र वर्मा 'व्योम' ने चुनावी दोहे सुनाये आजादी के बाद का बता रहा इतिहास, सिर्फ चुनावों के समय, वोटर होता खास, राजीव प्रखर ने थोड़ी सी हमको हिचक हुई, थोड़ा सा वो भी शर्माए सुनाकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। हेमा तिवारी भट्ट ने कहा हंसी ठिठौली नेह की, भरती सारे घाव, हास और परिहास का, बना रहें सद्भाव। फरहत अली खां ने अपनी रचना चलो झगड़े पुराने खत्म कर लें, नए पौधे पनपना चाहते हैं से वाहवाही पाई। दुष्यंत बाबा ने हास्य की फुलझड़ी गुझिया खाकर मेढ़की मले पेट पर हींग छोड़ी। राशिद हुसैन ने आह्वान किया ....बहुत जरूरी एक काम करें हम चलो मतदान करें। गोष्ठी में ओम प्रकाश रस्तोगी, मालती रस्तोगी, गिरीश चंद्र भट्ट उपस्थित रहे। आभार शिखा रस्तोगी ने व्यक्त किया।


जीलाल स्ट्रीट में साहित्यकार मिलन गोष्ठी में रचना पढ़ती कवित्री। ● अमृत विचार

## आवासीय विद्यालय की वार्डन को विदाई दी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** विहान बालिका आवासीय निर्माण श्रमिक विद्यालय आशियाना फेज दो में शनिवार को आवासीय विद्यालय की वार्डन बीना देवी को विदाई दी गई। कर्मचारियों ने उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया।

शिक्षिकाओं व कर्मचारियों ने छात्राओं के साथ केक काटा और उन्हें स्मृति स्वरूप उपहार भेंट किए। लेखाकार मोहसिन अहमद खान ने आवासीय विद्यालय की ओर से स्मृति चिह्न भेंट किया। बताया कि बीना देवी 2016 से बालिका विद्यालय में वार्डन के पद कार्यरत रहीं। उन्हें शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह ने दिया था। इस दौरान शिक्षिका शोभा तिवारी, प्राची वर्मा, लेखाकार मोहसिन खान, मधुरिमा, दीपक, रिंकी, फातिमा, शोभा, प्राची, नईम फातिमा, राखी, मधुरिमा, दीपक खोसला मौजूद रहे।

# दिव्यांग, वृद्ध मतदाताओं के लिए बूथ पर होगी व्हील चेयर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 19,300 दिव्यांगों के लिए 1,105 बूथों पर है मतदान की व्यवस्था

**अमृत विचार :** निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव को लेकर प्रत्येक बूथ पर वृद्धों और दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के अनुसार जिले में 1,105 बूथों पर व्हील चेयर की व्यवस्था होगी। महानगर में एडीएम सिटी के नेतृत्व में और नगर निगम से लेकर नगर पंचायतों और ग्रामीण क्षेत्र में इसकी व्यवस्था जिला पंचायत राज अधिकारी की देखरेख में होगी।

दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विजय यादव ने बताया की जिले में 19,300 दिव्यांग हैं। जिले में 1,145 बूथों में से 1,005 पर दिव्यांग मतदाता मतदान के लिए पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि दिव्यांग व वृद्ध मतदाताओं के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की जा रही है। जिससे कोई दिव्यांग व वृद्धजन मतदान के अधिकार से वंचित न रहे जाए।

देहात क्षेत्र में पिछली बार की तरह एएनएम व ग्राम प्रधान के ग्राम स्वास्थ्य पोषण स्वच्छता समिति के संयुक्त खाते से व्हील चेयर खरीदी जाएंगी। महानगर के दिव्यांग और वृद्धजनों के लिए नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायत की ओर से व्हील चेयर की व्यवस्था की जाएगी। इस व्यवस्था के सभी संबंधित विभागों को तीन दिन समय दिया है।

## शहर में आज

- महाराजा हरिश्चंद्र डिग्री कॉलेज लाजपतनगर में सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी की मासिक बैठक 11:00 बजे।
- नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जन आरोग्य मेला सुबह 10:00 बजे।

## एक नजर

### एक माह से लापता किशोर का सुराग नहीं, रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र से एक माह पूर्व लापता हुए किशोर का अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस ने मां की तहरीर पर किशोर के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। थाना मझोला के कांशीरामनगर बी ब्लॉक निवासी इशहाक चालक है। परिवार में पत्नी प्यारी और चार बेटे हैं। महिला के अनुसार 23 फरवरी को उसने बड़े बेटे ताहिर (13) को डांट दिया था। जिससे वह क्षुब्ध होकर कहीं चला गया था। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ताहिर की तलाश शुरू कर दी है।

### माह-ए-रमजान में मरहूम शायर जिया शादानी के आवास पर हुआ रोजा इफ्तार

# बच्चों को कराया रोजा इफ्तार, मांगी अमन की दुआ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महानगर के मशहूर और मारूफ शायर मरहूम जिया शादानी के आवास पर हर साल की तरह इस बार भी रमजान के 18वें रोजे पर नन्हें बच्चों का रोजा इफ्तार कराया गया। जिसमें काफी संख्या में बच्चे एकत्रित हुए और मुल्क के अमनो-अमान की दुआ मांगी।

मरहूम जिया शादानी के बेटे कामरान जिया ने बताया कि उनके यहां पिछले 20 सालों से इफ्तार का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा माना जाता है कि छोटे बच्चों की दुआ कभी खाली नहीं जाती है। बच्चों ने रोजा इफ्तार करके मरहूम जिया शादानी व उनकी पत्नी की मगफिरत की दुआ की। इस मौके पर सैय्यद अदनान, सादिया जिया, अदनान जिया, रूबा कामरान, फजाइला व उतरुबा समेत अन्य लोग शामिल रहे।



रोजा इफ्तार में दुआ मांगते बच्चे। ● अमृत विचार

### इफ्तार में दिखी गंगा-जमुनी तहजीब

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एक्टिव प्रेस क्लब की ओर से रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमें महानगर के सभी धर्मों के लोगों ने हिस्सा लिया। साथ ही आयोजन के लिए कार्यक्रम संयोजक हाजी अशरफ अली को बधाई दी। इस दौरान क्लब के अध्यक्ष सुशील कुमार शर्मा, हाजी अशरफ अली, फहीम खान, जाकिर अली बेग, मोअज्जम अली, प्रेम प्रकाश सक्सेना, शहर इमाम सैयद मासूम अली आजाद, सांसद डॉ. एसटी हसन, नायब शहर इमाम मुफ्ती सैयद फहद अली, अरशद इंजीनियर आदि मौजूद रहे।

### ईद को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**अगवानपुर, अमृत विचार :** अगवानपुर पुलिस चौकी पर थाना सिविल लाइंस के इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह व चौकी इंचार्ज मेघराज सिंह ने नगर पंचायत के गणमान्य लोगों के साथ शांति समिति की बैठक की। इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह ने कहा कि ईद पर नगर में किसी भी तरह से शांति भंग हो, अगर कोई भी व्यक्ति शांतिभंग करने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान हाजी वकील कुरैशी, हाजी कल्लन कुरैशी, अभिनव गुप्ता, अख्तर सैफी, साबिर हुसैन, बब्बू ठेकेदार आदि लोग मौजूद रहे।

## ऑनलाइन लोन दिलाने के नाम पर महिला से ठगी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** ऑनलाइन लोन दिलाने के नाम पर शातिर ठग ने एक महिला से हजारों रुपये की ठगी कर डाली। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले में जांच शुरू कर दी है।

थाना कटघर क्षेत्र के देवापुर निवासी हुकुम सिंह की पत्नी जयवंती ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि पेटीएम के माध्यम से किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे 25 लाख रुपये का लोन दिलाने के बहाने झांसे में ले लिया। जिसके तहत आरोपी ने महिला से लोन दिलाने के नाम पर सबसे पहले 1999 रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कराए। जिसके बाद आरोपी ठग ने लोन अप्रूवल लेटर भेजा और कहा कि आपका लोन पास हो चका है। जिसके लिए आपको 4450 रुपये देंगे होंगे। इसी तरह आरोपी ने कई बार में महिला से 53,250 रुपये ट्रांसफर करा लिए, लेकिन लोन पास नहीं हो पाया। पीड़िता की शिकायत पर कटघर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# वंचितों को न्याय दिलाने का कार्य करें : मिश्र

### दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** शनिवार को दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के वार्षिक चुनाव में जीत हासिल करने वाली नई कमेटी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। जिसमें हाईकोर्ट के प्रशासनिक जज एवं न्यायमूर्ति राजीव मिश्र द्वारा नवनिर्वाचित कमेटी को शपथ दिलाई गई। इस दौरान विशिष्ट अतिथि यूपी विधि आयोग के चेयरमैन प्रदीप श्रीवास्तव समेत अन्य न्यायिक अधिकारी भी मौजूद रहे।




दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के शपथ ग्रहण समारोह के बाद नई कार्यकारिणी के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

वार्षिक चुनाव के बाद शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन पूर्व महासचिव अभय कुमार सिंह द्वारा किया गया। जिसकी शुरुआत मुख्य अतिथि इलाहाबाद के प्रशासनिक जज एवं न्यायमूर्ति राजीव मिश्र द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। जिसमें विशिष्ट अतिथि प्रदीप श्रीवास्तव के साथ-साथ कार्यवाहक जनपद न्यायाधीश किरन बाला एवं अन्य न्यायाधीश उपस्थित रहे। एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप सिन्हा उर्फ बबली एवं महासचिव अभिषेक भटनागर को राजीव मिश्र ने शपथ दिलाई। जिसके बाद विधि आयोग के चेयरमैन प्रदीप श्रीवास्तव ने कोषाध्यक्ष त्रिलोक चंद दिवाकर और वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमाल अख्तर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बचन सिंह, मुजम्मिल खां संयुक्त सचिव जरीफ अहमद, पुष्प कुमार यादव, नवाज इन्तेजार सदस्य कार्यकारिणी सीनियर ग्रुप अरविंद कुमार सक्सेना, आदिश कुमार जैन, विजेंद्र सिंह, राज कुमार गौतम, शरीफ अहमद, सैय्यद हुसैन हैदर नकवी सदस्य कार्यकारिणी जूनियर ग्रुप के लिए तारा सिंह, मयंक शर्मा, मुफाहिद अली, मोहम्मद, तालिब, सुगंधा सैनी, शाइस्ता परवीन, मोहम्मद तालिब को शपथ दिलाई।

न्यायमूर्ति राजीव मिश्र ने कहा कि मुरादाबाद बार से जो सानिध्य और प्रेम मिला है वह भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने नव निर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप सिन्हा उर्फ बबली एवं महासचिव अभिषेक भटनागर को संबोधित करते हुए कहा कि वह बार और बेंच के बीच सामंजस्यपूर्ण व्यवहार करें क्योंकि दोनों ही न्याय से वंचित लोगों को न्याय दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। हमारा पहला लक्ष्य गरीब व्यक्ति को न्याय दिलाना है। शपथ ग्रहण समारोह में विजय गुप्ता, पूर्व बार अध्यक्ष अशोक कुमार सक्सेना, राकेश कुमार, प्रभात गोयल, संजय सोनी, रमेश आर्य, सुनील कुमार सक्सेना, पारुल अग्रवाल, नवनीत भटनागर, आदेश श्रीवास्तव, विनय कुमार कौशिक, संजीव मोहन सक्सेना, आलोक शर्मा, दीप्ति खन्ना, अक्षय श्रीवास्तव, गौरव भटनागर शामिल रहे।

## महिला को जलाकर मारने के प्रयास में तीन को सजा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कोर्ट ने पति, उसके भाई और तीसरे आरोपी पर जुर्माना भी लगाया
- 23 साल पहले महिला थाने में दर्ज कराई थी शिकायत

**अमृत विचार:** विवाहिता को जान से मारने के प्रयास में उसके पति व भाई समेत तीन को दोषी करार देते हुए फास्ट ट्रैक कोर्ट ने सात-सात साल कारावास की सजा सुनाते हुए उन पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जिले के महिला थाने में 23 साल पहले पीड़िता की मां की ओर से बेटी को जलाकर मारने के प्रयास की शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत को सही मानते हुए पुलिस ने सभी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया।

थाना कांठ क्षेत्र के गांव हजरतनगर गढ़ी की रहने वाली मुन्नी ने अपनी बेटी को जान से मारने और दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तीन फरवरी 2001 में की गई शिकायत में कहा गया कि उसकी बेटी की शादी नौ साल पहले मुरादाबाद के अगवानपुर निवासी शमीम के साथ हुई थी। ससुराल वाले शादी में मिले दहेज से संतुष्ट नहीं थे। परेशान करने की नीयत से उससे मारपीट करने लगे। 20 जनवरी की रात को उनकी बेटी जब सो रही थी तभी शमीम व भाई मुकीम व अन्य महिलाओं ने उसपर मिट्टी का तेल छिड़क कर जलाकर मारने की कोशिश की। जिससे वह बुरी तरह से जल गई। इस संबंध में अगवानपुर पुलिस चौकी को तहरीर दी गई। एसएसपी के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इस मामले की सुनवाई एफटीसी-प्रथम मोहम्मद फिरोज की अदालत में हुई। एडीजीसी अशोक यादव ने बताया कि विवाहिता को जलाकर मारने में गढ़ी निवासी पति शमीम व भाई मुकीम और अगवानपुर का काली उर्फ काला के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। अदालत ने साक्ष्य, पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट व बयान के आधार पर तीनों को दोषी मानते हुए सात-सात साल कारावास की सजा के साथ-साथ पति पर सात हजार व बाकी पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

## 10 ग्राम स्मैक के साथ महिला गिरफ्तार, साथियों की तलाश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- आदर्श कालोनी से खरीदकर महिला बेचती है स्मैक

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक महिला को स्मैक की तस्करी करते हुए पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़ी गई महिला के पास से 10 ग्राम स्मैक बरामद करने के बाद उसके खिलाफ एनडीपीएस में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

थाना सिविल लाइंस में तैनात महिला सिपाही रीता तेवतिया हेड कांस्टेबिल राजेश कुमार, सिपाही संजय कुमार व महिला सिपाही रितु के साथ देर रात में फकीरपुरा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान समाज कल्याण कार्यालय के सामने ब्रास तिराहा पर एक महिला आती दिखाई दी। पुलिस ने महिला को रोका तो वह घबरा गई और भागने का प्रयास करने लगी। घेराबंदी कर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 10 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पकड़ी गई महिला ने अपना नाम मोना निवासी आदर्श नगर कालोनी बताया। महिला ने बताया कि वह कालोनी में ही रहने वाले रवि, शशि व अमित से स्मैक खरीद कर महानगर के अलग-अलग इलाकों में जाकर बेचती है। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस की रिपोर्ट दर्ज कर उसके साथियों की तलाश शुरू कर दी है।

## 9वीं व 11वीं में प्रथम स्थान पाने विद्यार्थी सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। इस दौरान कक्षा 9 व 11 के प्रथम, द्वितीय और तृतीय एवं सर्वश्रेष्ठ उपस्थित रहने वाले छात्र-छात्राओं को प्रबंध समिति की ओर से पुरस्कृत किया गया। दोनों कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को साइकिल दी गई।

कार्यक्रम में पुरस्कार मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक बृजपाल सिंह यादव ने वितरित किए। उनका सहयोग प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु यादव ने किया। विद्यालय के प्रबंधक ने पुरस्कार पाने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम करके जीवन में आगे बढ़ना चाहिए।

कार्यक्रम में शिवानी, सुनील कुमार, नम्रता शर्मा, मानसी सिंह, बबीता, नेत्रपाल यादव, दिशा चौधरी, पूनम, रजनी शर्मा, दीपक रस्तोगी आदि शिक्षक उपस्थित रहे।



आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज में पुरस्कृत छात्र-छात्राओं के साथ प्रधानाचार्य। ● अमृत विचार

- आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कालेज में विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

### नर्सरी से लेकर कक्षा 11वीं तक के परीक्षाफल वितरित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मौलाना आजाद मुस्लिम गर्ल्स इंटर कॉलेज में कक्षा नर्सरी से लेकर 11वीं तक की छात्राओं का वार्षिक परीक्षाफल वितरित किया गया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को विद्यालय के मैनेजर मोहम्मद आजम, डिप्टी मैनेजर सिद्दीकी व प्रबंधन कमेटी की ओर से प्रशस्ति पत्र देने के साथ मेडल पहनाकर उत्साहवर्धन किया। शनिवार को परीक्षा परिणाम वितरण कार्यक्रम में कॉलेज की प्रधानाचार्य रहमत बी ने अतिथियों का अभिनंदन कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर विद्यालय के सदर नजमुल इस्लाम व प्रबंधक इदरीश हुसैन व विद्यालय की अन्य अध्यापक मौजूद रहीं। विद्यालय के मैनेजर मोहम्मद आजम ने बच्चों को लगन के साथ शिक्षा ग्रहण करने और देश की तरक्की में योगदान करने के लिए प्रेरित किया। वहीं प्रधानाचार्य रहमत बी व समस्त अध्यापकों ने परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाली छात्राओं को बधाई दी।

**विज्ञान प्रतियोगिता** — एसएस इंटर कालेज में विद्यार्थियों के मॉडल देखकर अतिथियों ने बढ़ाया उत्साह

# सारेबा को प्रथम व कंचन को मिला दूसरा स्थान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** एसएस इंटर कॉलेज में शनिवार को जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई। इसमें सभी विकास खंडों से 11-11 चयनित विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इसमें प्रथम पुरस्कार के रूप में 10,000 रुपये छात्रा सारेबा उच्च प्राथमिक विद्यालय थांवला विकास खंड बिलारी को मिला। जबकि द्वितीय व तृतीय पुरस्कार 7500 रुपये एवं 5000 रुपये का पुरस्कार क्रमशः कंचन उच्च प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर गुर्जर और मीनाक्षी उच्च प्राथमिक विद्यालय मूंडाखेड़ी विकास खंड छजलैट को मिला।



विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं से मॉडलों की जानकारी लेते अतिथि। ● अमृत विचार

प्रदर्शनी का प्रदर्शनी का उद्घाटन सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक बुद्धप्रिय सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने संयुक्त रूप से किया। सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक ने स्कूलों में विज्ञान विषय को रुचिकर बनाने पर बल दिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनी बच्चों को विज्ञान की वर्तमान प्रासंगिकता को देखते हुए नये विचारों को प्रदर्शित करने का माध्यम है। निर्णायक मंडल में अरविंद कुमार प्रवक्ता राजकीय इंटर कॉलेज, अर्चना जैसल प्रवक्ता राजकीय कन्या इंटर कॉलेज रहे। प्रदर्शनी में भरतपुर टांडा, बिलारी, डिलारी, कुंदरकी, मुरादाबाद ग्रामीण, मुरादाबाद नगर, मूंढापांडे, ठाकुरद्वारा से 11-11 चयनित बच्चों ने माडल प्रदर्शित किए थे।

आयोजन में संजय विशाल नेगी, योगराज सिंह, विनीत कुमार, प्रतीक शर्मा, अमन अली, नदीम खान, प्रतिभा रानी, मंजू रानी, प्रीति सिंह, कुलभूषण, अरुण कुमार, पंकज दिवाकर, राजेश कुमार, पीयूष कुमार, हरीश शर्मा, ऋषिराम, सत्यवीर सिंह, वसीम राजा, सचिन शर्मा, अशोक कुमार ने सहयोग किया। संयोजन जिला समन्वयक तेजपाल सिंह और नोडल एसआरजी सचिन शुक्ला ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरनंदन ने किया। पुरस्कार वितरण रवि कुमार प्राचार्य एसएस इंटर कॉलेज ने किया।

## सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर 14 लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- ग्राम विकास अधिकारी के पद का दिया था झांसा

**अमृत विचार:** शातिर ठग ने बेरोजगार युवक को ग्राम विकास अधिकारी के पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर उससे 14 लाख रुपये से अधिक की ठगी कर डाली। पीड़ित युवक ने एसएसपी से शिकायत कर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई हैं।

थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्र के सुरजन नगर निवासी विशाल कुमार आर्य ने एसएसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी मुलाकात उत्तराखंड के नैनीताल हल्द्वानी निवासी जितेंद्र चौधरी से हुई थी। जितेंद्र ने विशाल को बताया कि वह लोगों की सरकारी विभाग में नौकरी लगवाता है। विशाल ने 2023 में ग्राम विकास अधिकारी पद के लिए परीक्षा भी दी थी। जिस पर जितेंद्र ने विशाल को परीक्षा में पास कराकर नौकरी लगवाने का झांसा दिया। इस दौरान विशाल ने जितेन्द्र के बताए अनुसार बैंक खाते में बीती 18 सितंबर 2023 को आठ लाख, 30 अक्टूबर 2023 को एक लाख साठ हजार, 25 अक्टूबर 2023 को दो लाख 50 हजार, 26 अक्टूबर को दो लाख, 27 अक्टूबर को 80 हजार रुपये मिलाकर कुल 14 लाख 90 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। काम न होने पर विशाल ने फोन किया तो वह टालमटोल करने लगा। बाद में फोन स्विच आफ कर लिया। पुलिस ने पीड़ित विशाल की तहरीर पर आरोपी जितेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।





ओम शान्ति हॉस्पिटल



डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)

रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर

● कान का बहना, कम सुनाई देना ● चक्कर आना ● सिर में दर्द ● नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना ● नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना ● सोते समय खर्राटे आना ● आवाज का बैठ जाना ● मुंह न खुलना ● चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना ● खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले ● गले में गाँठें

नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसेः-

● कान के पर्दे में छेद ● नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी ● गले में टांसिल ● मुँह में कैंसर ● गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ ● लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन ● नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी ● गले में मांस के कारण बैठी आवाज ● आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन

दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन

मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)



दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)



डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)

उपलब्ध सुविधायें

● दाँतों का डिजिटल X-Ray ● दाँतों की नस का इलाज (RCT) ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) ● दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना ● फिक्स दाँत (Bridges) ● बत्तीसी बनाना (Complete Denture) ● बिना दर्द के दाँत निकालना ● लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) ● हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) ● टेढ़े-मंढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) ● बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज

विभाग :- ● नाक, कान, गला रोग ● दन्त रोग ● हड्डी व जोड़ रोग ● चर्म रोग ● जनरल फिजीशियन

24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

## एक नजर

### 315 बोर के तमंचा के साथ एक गिरफ्तार, जेल भेजा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक युवक को 315 बोर का तमंचा व एक कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक उज्ज्वल राणा ने बताया कि नगर के धोबियान मस्जिद के पास नाले के निकट बैठे युवक को दबिश देकर पकड़ लिया गया। तलाशी में युवक के पास से पुलिस ने 315 बोर का तमंचा व एक कारतूस भी बरामद किया गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम इब्ले अली उर्फ कालिया निवासी वार्ड 17 मुण्डोंवाली कालोनी बताया है।

### आरपी विद्या मंदिर का परीक्षाफल वितरित

**बिलारी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्योडारा में वार्षिक परीक्षा फल का वितरण किया गया। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रबंधक हनीश कुमार शर्मा एडवोकेट मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं को मेडल और रिजल्ट कार्ड देकर प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर आने वाले छात्राओं को मेडल

# बिजली से शिव मंदिर सहित कई घरों के विद्युत उपकरण फुंके

## घटना से मंदिर और मकानों में भी आईं दरारें, लोग डरे

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** सरकड़ा करीम गॉव में देर रात बूंदा-बांदी के चलते तेज आवाज के साथ बीच आबादी में स्थित महादेव शिव मंदिर व आसपास के घरों में आसमानी बिजली गिर गयी। घरों में इनवर्टर, बैटरी, बिजली के उपकरण और बिजली के तार जल गये।

घरों में धुआं उठता देख किसी तरह लोगों ने बिजली के तारों को काटकर विद्युत आपूर्ति बंद की। बाद में तारों में लगी आग बुझाया। घरों में लगे इनवर्टर व बैटरियों में भी धुआं निकल गया। हालांकि, आसमानी बिजली गिरने से किसी जनहानि की कोई सूचना नहीं है। गांव के पंडित यादराम शर्मा ने बताया कि रात्रि एक बजे के आसपास वह अपनी बैठक


सरकड़ा करीम स्थित महादेव शिव मंदिर आकाशीय बिजली से आई दरार।

में सोये थे। जैसे ही तेज बिजली आवाज के साथ गिरी वह उठ कर बैठ गये। देखते ही देखते घर के बिजली उपकरणों में धुआं निकलने लगा। उनके शोर मचाने पर परिजन बाहर निकले। किसी तरह बिजली

**▸▸ आसमानी बिजली से किसी जनहानि की कोई सूचना नहीं**

की तार को काटकर घर की वायरिंग में लग रही आग को बुझाया। पड़ोस के घरों से आवाज आने लगी।

अरुण शर्मा के घर का बिजली का मीटर रुक गया, जिससे आपूर्ति बंद हो गई। घर में टीवी के उपकरण जलकर राख हो गये। जिसमें अनिल शर्मा, अरुण शर्मा, शिवराज शर्मा के घरों में लाखों रुपए का नुकसान हो गया।

सवेरे ग्रामीण पूजा अर्चना के लिए मंदिर परिसर में पहुंचे तो वहां पर भी अंधेरा छाया था। मंदिर की शिखा पर लगा पीतल का झंडा भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। मंदिर मे दरार आ गयी है। मंदिर परिसर में लगा इनवर्टर बैटरी, स्पीकर जलकर नष्ट हो गये।

# बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में महिला की मौत

संवाददाता, भगतपुर

**अमृत विचार:** शनिवार को दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई, जिसमें एक महिला की मौत हो गई। बाइक चला रहा मृतका का भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायल को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती करा दिया। दूसरी बाइक सवार युवक को पुलिस थाने ले गई।

ब्लॉक भगतपुर टांडा की ग्राम पंचायत वीरपुर फतेहउल्लाहपुर निवासी वालिंद्र सिंह सैनी अपनी वहन प्रभा देवी के साथ तहसील स्वार के गांव मुरसैना अपने बहनोई पप्पू सैनी के अंतिम संस्कार में शामिल होने बाइक से जा रहा था। दोपहर करीब डेढ़ बजे जैसे ही वह कोतवाली टांडा के गांव सीकमपुर चौराहा पहुंचे तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

हादसे में बाइक पर पीछे बैठी प्रभा देवी पत्नी स्व.गंगाराम सैनी की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक चला रहे वालिंद्र सिंह सैनी गंभीर रूप से घायल हो गये।

उधर, प्रभा देवी की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के छह बच्चे हैं, जिनमें तीन बेटी व तीन बेटे हैं। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

### गायत्री परिवार से जुड़े श्रद्धालु अयोध्या धाम रवाना

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सुरजननगर से गायत्री परिवार से जुड़े चार दर्जन से अधिक श्रद्धालु भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए बस से अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। शनिवार की दोपहर बाद गायत्री महिला व पुरुष बस स्टैंड पर सिंह के नेतृत्व में एकत्र हुए। ग्राम प्रधान वीर सिंह ने बस को हरी झंडी दिखाकर भगवान जय श्री राम उद्घोष के साथ रवाना किया। बस में बैठते ही श्रीराम के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। सुरेंद्र सिंह, सरोज रानी, शैलजा विश्नोई, अनीता रानी, आदेश कुमार, पूजा रानी, नौबत सिंह करीब 50 लोग अयोध्या धाम को रवाना हुए।


परीक्षाफल वितरण समारोह में प्रधानाचार्य मोक्षीश प्रकाश, मो .वसीम व पुरस्कृत बच्चे।

# रॉयल स्कूल के परीक्षाफल वितरण में मेधावी सम्मानित

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** रॉयल पब्लिक स्कूल में परीक्षा फल वितरण समारोह में स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक मोहम्मद फहीम इरफान के बड़े भाई इं.मोहम्मद वसीम ने छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

केजी सेक्शन में कक्षा एलकेजी छात्रा आयशा, प्राइमरी सेक्शन में कक्षा दो की छात्रा इनारा फातिमा, अपर सेक्शन में कक्षा आठ की छात्रा हिवा ने स्कूल टॉप किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मोक्षीश प्रकाश, जावेद आलम, मोहम्मद अली, आकाश ,मोहम्मद आसिम ,मोहम्मद आरिफ, देवांश भटनागर, मयंक आर्य आदि मौजूद रहे।

### शत-प्रतिशत रहा ब्राइट स्कूल का परीक्षाफल

**बिलारी, अमृत विचार:** ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल में नर्सरी से कक्षा आठ तक के छात्र-छात्राओं का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। प्रबंधक रतिश शर्मा एवं नेहा शर्मा ने छात्र-छात्राओं को ट्राफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। नर्सरी से एलजी तथा यूकेजी के बच्चों को गोल्डन स्टार, सिल्वर स्टार, प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रधानाचार्य कंचन कुमार सक्सेना ने सफल विद्यार्थियों को बेहतर करते रहने की प्रेरणा दी। कक्षा प्रथम में साध्य चौधरी प्रथम, द्वितीय स्थान पर मिस्टी तथा तृतीय पर आयुष उपाध्याय रहे। कक्षा दो में प्रथम स्थान माधव अग्रवाल, द्वितीय अविनाश गुप्ता और तृतीय स्थान अवनी जैन को मिला। कक्षा तृतीय में आरुष गुप्ता एवं अपूव द्वितीय स्थान पर तथा सृष्टि सिंह तृतीय स्थान पर रही। कक्षा चार में अंश सक्सेना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पाकी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# माइंड्स-ए इंटरनेशनल के प्रबंधन ने मेधावियों को सम्मानित किया

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** माइंड्स-ए इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर अजीत कुमार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। अध्यक्षता प्रबंधक डीपी गुप्ता ने की। संचालन दिव्यांशु ने किया।

प्रधानाचार्य शंकर सिंह ने विद्यालय की उपलब्धियां, आधारभूत सुविधा, आधुनिक एवं समृद्ध पुस्तकालय, सुसज्जित प्रयोगशाला व शिक्षा के स्वर्णिम अवसर की बात की। प्रथम द्वितीय तृतीय अंक पाने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर द्वारा ट्रॉफी व मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। सहयोगी अभिभावकों को सराहनीय



बच्चों को पुरस्कार देते स्कूल के डायरेक्टर अजीत सिंह। ● अमृत विचार

पुरस्कार पत्र दिया गया। कक्षा नर्सरी से आमयरा ने प्रथम, युग ने द्वितीय, विराट और आयशा ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। एलजी कक्षा से उमंग कुमार प्रथम स्थान, अलवर रसूल द्वितीय स्थान, यूकेजी-ए से आयरत असलम प्रथम, मोहम्मद अमजद द्वितीय, आयशा और मोहम्मद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा फर्स्ट से प्रथम स्थान मोहम्मद, द्वितीय स्थान रुद्र चौधरी ने प्राप्त किया।

कक्षा फर्स्ट से प्रथम मोहम्मद, कक्षा द्वितीय से मारिया रसूल ने प्रथम, कक्षा चार से अलीम प्रथम, कक्षा 5 में आरुष प्रथम, कक्षा 6 में सिद्धार्थ रतन प्रथम, कक्षा 7 में मध्यम में प्रथम स्थान, कक्षा 8 में स्नेहा ने प्रथम स्थान, कक्षा 9 में सुमैया प्रथम स्थान पर रही। कार्यक्रम में जितेंद्र कुमार, रूबी रानी, शाहाना, रिजवाना, भूमिका अल्फिशा, सुमैया, अवधेश कुमार, बंटी सैनी, पियूष का सहयोग रहा।

# अमरपुरकाशी में परीक्षाफल बांटा

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** अमरपुर काशी स्थित कृषि औद्योगिक इंटर कॉलेज के वार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम में संस्थापक बाबू मुकुंट सिंह ने विद्यार्थियों को बैज लगाकर व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कक्षा छह में शिवम शर्मा ने प्रथम रितेश ने द्वितीय व बिट्टू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा छह में दिव्यांशी ने प्रथम, सलोनी द्वितीय स्थान वर्षा यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सात में अमन ने प्रथम ,अली अब्बास ने द्वितीय व रिचा ने तृतीय, सात-ब में अर्जुन में प्रथम मुकेश ने द्वितीय व अकित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठवीं में वंश को प्रथम, राखी राघव ने द्वितीय और दीक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठवीं में आकाश प्रथम, अलीशा द्वितीय स्थान, जनक ने तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा नौ में नीशू ने प्रथम, निशा



छात्रा को पुरस्कार देते प्रबंधक व अन्य। ● अमृत विचार

ने द्वितीय व अल्पसिफा ने तृतीय, नवीं में कुसमेन्द प्रथम, रिशु यादव द्वितीय व देव चौहान तृतीय नौ-सी में चमन चौहान ने प्रथम, विवेक शर्मा द्वितीय, रोहित तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 11 में काजल प्रथम 11-बी में प्रियांशु प्रथम, संजय द्वितीय व सचिन तृतीय स्थान पाये। ग्यारह- सी में रितु यादव प्रथम कनिष्क द्वितीय व प्रियंका व संध्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खेलों में मुकेश कुमार को जिले ब्लॉक व प्रदेश स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रबंधक बलराम शर्मा ने सम्मानित किया। प्रत्येक कक्षा में अनुशासन बनाए रखने वाले विद्यार्थियों को अपर प्रबंधक अशोक गुप्ता ने सम्मानित किया। प्राचार्य अशोक सिंह ने विद्यार्थियों को शिक्षा के नए आयाम प्राप्त करने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य आशीष कुमार जादौन ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### को-ऑर्डिनेटर ने किया सीएचसी का निरीक्षण

**कांठ, अमृत विचार:** यूनिसेफ के को-ऑर्डिनेटर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दवाइयों, मशीनों आदि का निरीक्षण किया। प्रतिरक्षण अधिकारी से दवाइयां एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। यूनिसेफ के को-ऑर्डिनेटर डॉ. सुरजीत सिंह शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे, वहां उन्होंने व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने देखा कि जच्चा बच्चा की देखरेख की क्या-क्या सुविधाएं हैं? इसके संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ओल्ड मेडिसिन कितनी है और कितनी का प्रयोग हुआ है। इस संबंध में भी प्रतिरक्षण अधिकारी से जानकारी ली। इसके साथ ही अस्पताल परिसर में घूमकर वहां की व्यवस्थाएं देखी और सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश संबंधित को दिए। कहा कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को सुविधा मिलनी चाहिए। उन्होंने प्रतिरक्षण अधिकारी अंशु से मेडिसिन एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

# पुरस्कार से मेधावियों का हौसला बढ़ाया, दी बधाई

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** नगर के विभिन्न विद्यालयों में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किए गए, जिनमें मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। नगर के द मिल्लत स्कल में वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। प्रधानाचार्य पीयूष भारद्वाज ने विद्यार्थियों को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया। वार्षिक परीक्षा परिणाम में रिफाया रहीम ने 99.84 प्रतिशत अंक हासिल करके विदयालय में प्रथम स्थान हासिल किया। निकज 98.75 प्रतिशत अंक लेकर दूसरे स्थान तथा मोहम्मद हम्माद तृतीय स्थान पर रहे। दौरान विद्यालय में सलमान शकील, पुनीत विश्नोई, नीतू चौधरी, हमेरा, सबीहा, अनीता, अलका, दीपा, मोनी, सुमबूल, अलीशा, मिश्बा आदि उपस्थित रहे। हावर्ड कान्वेंट स्कूल गढ़ी का


मेधावी छात्र को सम्मानित करते प्रधानाचार्य व अतिथि। ● अमृत विचार

वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। आरंभ प्रबंधक दीपेश सिंह व प्रधानाचार्य रणजीत कौर द्वारा दीप प्रज्ज्वलन तथा मां सरस्वती को पुष्प अर्पित कर किया गया। विभिन्न कक्षाओं में प्रथम ,द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर आए हुए छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य रणजीत कौर द्वारा अप्रेन, कैप तथा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

# भाकियू ने सेवानिवृत्त केन गार्ड को दी भावभीनी विदाई

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** स्योहारा शुगर मिल द्वारा गन्ना क्रय केंद्र कांठ पर केन गार्ड के रूप में कार्यरत परमेश्वर के सेवानिवृत्त होने पर भाकियू अराजनैतिक ने उन्हें सम्मानित किया। मिल में 26 वर्षों से कार्यरत बिहार निवासी परमेश्वर कई सालों से लगातार गन्ना क्रय केंद्र कांठ पर केन गार्ड के रुप में कार्यरत थे। इस दौरान मिल के कर्मचारियों एवं किसान साथियों द्वारा उनको फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के मंडल महासचिव जितेंद्र विश्नोई उर्फ जीतू ने स्योहारा शुगर मिल के जीएम सुखवीर सिंह से केन गार्ड परमेश्वर के पुत्र को अगले सत्र से गन्ना क्रय केंद्र कांठ पर नियुक्त करने का अनुरोध किया। साथियों ने परमेश्वर को गले मिलकर बधाई दी। इस अवसर पर


गार्ड को सम्मानित करते भाकियू के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

मंडल महासचिव जितेंद्र विश्नोई उर्फ जीतू, युवा तहसील अध्यक्ष नितिन विश्नोई, केन मैनेजर प्रीतम सिंह यादव, केन मैनेजर अनिल कुमार, राकेश विश्नोई, मोहन चौहान, यशपाल सिंह, मुंशी प्रेमचंद, हुकम चौहान, डा.जितेंद्र, ब्रजपाल सिंह आदि किसान उपस्थित रहे।

**प्रसन्नता** | समारोह में प्रधानाचार्य जगदीश सक्सेना ने सफल परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं दीं

# वार्षिक परिणाम की घोषणा में उत्तीर्ण-छात्रों के खिले चेहरे

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** रामसरन लाल मेमोरियल इंटर कालेज पसियापुरा पदार्थ में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। समारोह में प्रधानाचार्य जगदीश सक्सेना ने सफल परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कक्षाओं में नियमित उपस्थिति सीखने और समझने की मजबूत इच्छा शक्ति कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन किसी भी सफल व्यक्ति की सफलता का मुख्य कारक होता है।

परीक्षा में कम अंक प्राप्त करने वाले दुखी और मायूस न हों। यह परीक्षा हमारी अंतिम परीक्षा नहीं है। शनिवार को विद्यालय मे कक्षा 11 में अशी आर्य प्रथम, पायल द्वितीय, संजना तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 9 में अंश प्रथम, मानसी द्वितीय, हरीश तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा आठ में माही नूर प्रथम, पलक



राम सरनलाल मेमोरियल इंटर कॉलेज पसियापुरा पदार्थ में वार्षिक परिणाम के प्रमाण पत्र वितरित करते प्रधानाचार्य। ● अमृत विचार

द्वितीय, शिव कुमार तृतीय, स्थान पर रहे। कक्षा सात में हर्षिता प्रथम, अनुज कुमार द्वितीय, रासु तृतीय स्थान पर रही। कक्षा छह में प्रियांशी प्रथम, समीर द्वितीय, जिया तृतीय स्थान पर रहे।

कक्षा पांच में भूमिका प्रथम, निष्ठा चौहान द्वितीय, प्रियांशी कुमारी तृतीय स्थान पर रही। कक्षा चार में अमन कुमार प्रथम ,राधिका द्वितीय, अक्शा तृतीय स्थान पर रही। कक्षा तीन में चारु चौहान प्रथम, हर्ष चौहान द्वितीय ,लोमस तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दो में रिया चौहान प्रथम, कार्तिकेय विश्नोई द्वितीय, आयुष तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा प्रथम में यश सागर प्रथम, अक्षदीप द्वितीय, वैष्णवी तृतीय स्थान पर रहे। यूकेजी में शौर्य प्रथम, प्रियल गर्ग द्वितीय, लक्ष्य चौहान, तृतीय स्थान पर रहे। एलकेजी में यश प्रथम, रागिनी दिवाकर द्वितीय, विराट तृतीय, स्थान पर रहे। नर्सरी में अंश सैनी प्रथम, प्रतिज्ञा चौहान द्वितीय, मोहम्मद आहिल राजा तृतीय, स्थान पर रहे। विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का संचालन धर्मवीर सिंह ने किया। रघुवीर सिंह, जयपाल सिंह, पंकज कुमार, हसीन खान, अनिल कुमार, निर्वेश कुमारी, पुष्पा कुमारी, चंचल कुमारी, सलोनी चौहान, मधु कुमारी, शशिबाला, पूनम कुमारी, संजना कुमारी, मनीषा कुमारी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में मुरादाबाद में 19 अप्रैल को शत-प्रतिशत रूप से मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

## सार-संक्षेप


सड़क पर अतिक्रमण की वजह से लगा जाम। ● अमृत विचार

### साप्ताहिक बाजार में जाम से लोग हुए परेशान

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर में शनिवार को हाइ-वे पर लगने वाले कपड़े के बाजार के कारण जाम लगने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़क के दोनों किनों पर दुकान से अतिक्रमण के कारण मुख्य मार्ग पर पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही। नगर पालिका अतिक्रमणकारियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नही कर पा रही है। तिक्रमणकारी लगातार जाम को बढ़ावा दे रहे हैं। पूरे मार्ग पर दुकानों के सामने लोगों ने सामान व फड़ लगा रखे हैं। दुकानों के साथ-साथ ठेलेवाले जाम की स्थिति पैदा करते रहे। बड़े वाहनों विशेषकर खाली ट्रक, डंपर, सहित अन्य वाहन जो एक साथ लाइन से आते हैं, उनका गुजरना मुश्किल रहा। यात्रियों को जाम की समस्या से जूझना पड़ा। आम जनता, नगरवासियों, क्षेत्र से खरीदारी करने आए ग्रामीणों व यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### बैठक में संचारी रोग अभियान की दी जानकारी

**छजलैट, अमृत विचार :** ब्लॉक सभागार एवं एबीएसए कार्यालय में संचारी रोग नियंत्रण अभियान हेतु बैठक आयोजित की गई, जिसमें नोडल शिक्षकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को अभिमुखीकरण कार्यक्रम के तहत कई तरह की जानकारी दी गयी। चिकित्साधीक्षक डॉ . राजीव चौधरी, बीपीएम चंद्रशेखर यादव, स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी उमेश कुमार और यूनिसेफ से रेखा पटेल ने अपनी भूमिका का निर्वाह किया। बैठक में अधिकारियों द्वारा नागरिकों में साफ-सफाई से सम्बंधित जागरूकता, सफाई वाहन पर लगे पीए सिस्टम के माध्यम से बीमारी की रोकथाम हेतु प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए गये।

### वाटर कूलर जर्जर स्थिति में, नागरिक परेशान

**कांठ, अमृत विचार :** नगर पंचायत में मुख्य स्थान पर सांसद विधायक वह नगर पंचायत की निधि द्वारा वाटर कूलर लगाए गए थे लेकिन, उचित देख-रेख न होने के कारण जर्जर स्थिति में हैं। गर्मी प्रारंभ हो चुकी है। दूर दराज से आए व्यक्ति वाटर कूलर की स्थिति को देखकर परेशान हैं। नगर कांठ के तहसील परिसर, पुराना बस स्टैंड, रामलीला मैदान, पड़ियों के नाले के पास एवं अन्य मुख्य स्थानों पर वाटर कूलर सांसद, विधायक व नगर पंचायत की निधि द्वारा दो वर्ष पहले लगाए गए थे। देखरेख न होने के कारण बहुत ही जर्जर स्थिति में हैं। गर्मी प्रारंभ हो चुकी है। नगर व आसपास के गांव से ग्रामवासी सामान आदि लेने के लिए यहां आते हैं लेकिन वाटर कूलर में गंदगी को देख कर निराश हो जा रहे हैं। कई वाटर कूलर की टोंटी खराब पड़ी है। शुद्ध पानी की उचित व्यवस्था नहीं है। व्यापारी अभय विश्नोई व समाजसेवियों ने कई बार इसकी शिकायत अधिकारियों तक पहुंचा चुके हैं। शासन प्रशासन ने किसी भी वाटर कलर की मरम्मत नहीं कराया और न ही शुद्ध जल की व्यवस्था की गई है। सरकार शुद्ध जल की व्यवस्था करने में जुटी है। सच तो यह है कि शासन प्रशासन की ढुलमुल रवैया के कारण नागरिकों को यह समस्या झेलनी पड़ रही है। स्थानीय नागरिकों ने वाटर कूलर की रिपेयरिंग व शुद्ध जल की व्यवस्था कराने की मांग की है।

### 12 साल की उम्र में अयान जावेद ने रखा पहला रोजा



**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला ठाकुरान निवासी जावेद अली के बेटे अयान जावेद ने 12 साल की उम्र में पहला रोजा रखा। अयान के चाचा बाबू ने बताया कि भतीजे अयान जावेद के पहला रोजा रखने की खुशी हमारे घर में वे इन्तहा थी। मानो दादा हाजी अशफाक हुसैन, अंसार हुसैन लेखपाल, हबीब हुसैन कपड़े वाले, दादी शाहजहां बेगम, माता मेहताब जहां आदि खुशी का कोई ठिकाना न रहा। बताया गया कि रिश्तेदारों अजीज के बच्चे के रोजा रखने की खुशी में मुबारकबाद संबंधी इस कदर फोन आए कि घर वालों की खुशी और दोगुनी हो गई। इस मुबारक माहे रमजान के पूर्व मुसर्रत मौके पर सभी ने पांचों वक्त की नमाज के साथ-साथ कुराने पाक की तिलावत की। इतनी कम उम्र में बच्चों के रोजा रखने और कुरान पढ़ने को लेकर बताया कि माता मेहताजहां खुद एक नेक सीरत महिला है, जो अपने बच्चों का मजहब संबंधी दीन इस्लाम की पढ़ाई का खुद पूरा ख्याल रखती हैं। एक नेक दामन होते हुए अपने बच्चों की अच्छी परवरिश का पूरा ख्याल रखती हैं।

### चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने पर हर्ष

**छजलैट, अमृत विचार :** भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत सरकार द्वारा मरणोपरांत भारत रत्न प्रदान करने पर रालोद कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। संगठन की बैठक में रालोद कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया। इस दौरान थाना छजलैट निवासी युवा राष्ट्रीय लोकदल रुहेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि हम सभी के आदर्श चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने से सभी का मन प्रफुल्लित है। यह सम्मान समस्त किसान, मजदूर और कमजोर वर्ग के लोगों का सम्मान है। देश की राजनीति में और देश के विकास में चौधरी चरण सिंह जी का अमूल्य योगदान है। किसान और मजदूर हित में उनके द्वारा किए गए कार्य हम सब के लिए प्रेरणादायी हैं।


कपड़ा बाजार में उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार

### ईद के लिए कपड़ों की खरीदारी को उमड़ी भीड़

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ईद के त्योहार को लेकर कपड़ों की खरीदारी को लेकर बाजारों में महिलाओं व लोगों की भीड़ बाजारों में उमड पड़ी। महिलाओं ने खास तौर से अपने अपने बच्चों के लिए ईद के पर्व पर सूती वस्त्रों की खरीदारी। बाजार में आई महिला रुखसाना, विलकिश, शन्नो, सीमा, रेश्मा ने बताया कि ईद का त्योहार नजदीक आते ही गर्मी ने भी अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया है। अन्य गत वर्षों की भांति सूती वस्त्रों के रेट दुकानदारों ने अधिक बढ़ा दिए हैं। महंगाई अधिक चरम सीमा पर होने के कारण वह अपनी जरूरत के हिसाब से बच्चों के कपड़ों की खरीदारी की है। अपने परिवार का खर्च के साथ-साथ ईद का त्योहार भी मानना है। महिलाओं का कहना था कि कपड़ा बाजार के दौरान ई-रिक्शा के कारण भारी व्यवस्था का सामना करना पड़ा। बाजार के निकट रास्तों के किनारे ई-रिक्शा खड़ी कर इतनी जगह भी नहीं छोड़ी की महिलाएं पैदल निकल सकें। ई-रिक्शा द्वारा महिलाओं के साथ बदतमीजी का प्रयास किया तो एकजुट महिलाओं ने उसकी पिटाई कर दी। किसी तरह लोगों ने उसे छुड़ाकर भाग दिया, लेकिन एक भी पुलिस कर्मी दिखाई नहीं दिया। महिलाओं का कहना है कि प्रशासन को ईद के त्योहार तक पुलिसकर्मी बाजार में तैनात करना चाहिए, ताकि आने वाली महिलाओं को दिक्कत का सामना न करना पड़े।

### रास्ते पर जलभराव से छात्र सहित नागरिक त्रस्त

**छजलैट, अमृत विचार :** आम रास्ते पर जल भराव से दो गांव के लोगों और स्कूल के बच्चों का भी प्रतिदिन आना-जाना लगा रहता है लेकिन, जिम्मेदारों ने काफी शिकायत के बाद भी इस समस्या के समाधान की चिंता नहीं है। कांठ तहसील क्षेत्र के ग्राम ध्यानपुरा में पीडब्ल्यूडी की सड़क चकफेरी और कुमहरिया गांव को जोड़ती है। ग्राम ध्यानपुरा में बस्ती का पानी सड़क पर आने से वहां के स्थानीय नागरिक काफी परेशान हैं। ग्राम पंचायत मिश्री बेगमपुर के प्रधान कांशीराम ने बताया कि सड़क के पास में ही किसान का खेत है, जिसको ऊंचा कर दिया है। इसी कारण से गांव के पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। सड़क पर पानी एकत्रित हो रहा है। इसके संदर्भ में अधिकारियों से चर्चा हो चुकी है। शीघ्र ही पानी निकासी का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। गांव के ही रामस्वरूप ने बताया कि काफी समय से इस आम रास्ते पर गांव के लोगों के साथ-साथ बच्चों और अधिकारियों का भी यहां पर आना-जाना लगा रहता है लेकिन, किसी ने भी इस सड़क का निर्माण अभी तक नहीं कराया है।

## एक नजर

### सूखे पेड़ों की अनुमति लेकर काटे हरे आम के पेड़

**नौगांवा सादात, अमृत विचार :** बाग के स्वामी ने आम के सूखे आठ पेड़ों की अनुमति लेकर हरे पेड़ कटवा दिए। लकड़ी को इधर-उधर कर दिया। लेकिन वन विभाग को 100 पेड़ काटने की सूचना मिली तो टीम ने आम की लकड़ी से भरी तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां पकड़ लीं। वन रेंजर विनोद कुमार सहघवान ने बताया कि सूखे पेड़ों की अनुमति ली थी। लेकिन आम के हरे सात पेड़ों पर नियम विरुद्ध आरी चला दी गई। लकड़ी से भरे ट्रैक्टर को सीज कर दिया गया है। बाग स्वामी व लकड़ी के ठेकेदार के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### रुपये मांगने पर ग्रामीण को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**हसनपुर, अमृत विचार :** गांव शाहपुर खुर्द निवासी यशपाल के गांव के ही महिपाल व विमल पर कुछ रुपये उधार थे। उसने रुपये मांगे तो दोनों भड़क गए और यशपाल को लाठी डंडों से मारा पीटा जिससे वह घायल हो गया। घायल व्यक्ति ने कोतवाली पहुंचकर महिपाल व विमल के खिलाफ तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### अधिवक्ता जितेन्द्र के निधन पर हुई शोकसभा

**हसनपुर, अमृत विचार :** वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र मोहन शुक्ला के निधन पर दुख व्यक्त किया गया। उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। शोकसभा में तहसील बार एसोसिएशन के महासचिव सुरमित कुमार ने कहा जितेंद्र मोहन शुक्ला जनपद के वरिष्ठ अधिवक्ता व समाजिक कार्यकर्ता थे। उनके निधन से समाज को अपूर्णनीय क्षति हुई है। इस दौरान बार अध्यक्ष गंगासरन एडवोकेट, कनिष्ठ उपाध्यक्ष फतेह सिंह, रमेश चंद्र, केशव प्रजापति, अरविंद शर्मा, विनोद त्यागी, एल्डर कमेटी के अध्यक्ष शिवचरन सिंह, सागर दिनेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### बाइक पर रखा बैग चोरी

**हसनपुर, अमृत विचार :** गजरौला नगर के मोहल्ला विजय नगर निवासी बॉबी चौधरी एक टेलीकॉम कंपनी में काम करता है। वह शुक्रवार को अपने दोस्त गौरव के साथ किसी कार्य से ग्राम अगरौला से हसनपुर को आ रहा था। रास्ते में वह रुका तो बाइक पर रखा बैग गायब था। बैठक में बाइक के कागज, बायोमेट्रिक मशीन, टैबलेट व सिम कार्ड थे। दोनों ने कोतवाली में तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# ओवरटेक के प्रयास में गई चालक व छात्रों की जान

## कार में सवार 11 छात्र प्रवेश परीक्षा देने जा रहे थे दिल्ली, मेरठ एक्सप्रेस-वे पर हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव कांकर सराय निवासी अनस (22) पुत्र आशिक अली अपनी कार से 11 छात्रों को दिल्ली स्थित जामिया इस्लामिया में छठी कक्षा के लिए प्रवेश परीक्षा दिलाने जा रहा था। जब वह गाजियाबाद में क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में पहुंचा तो यहां दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर खड़े डंपर से टकराकर कार पलट गई। इस बीच साइड में चल रही डीसीएम भी कार से टकराकर पलट गई। इस हादसे में कार चालक मोहम्मद अनस, छात्र उनेश और आजम की मौत हो गई। जबकि कार सवार आठ छात्र, डीसीएम चालक व एक अन्य भी घायल हो गया।


मोहम्मद अनस

बताया गया कि दुर्घटना शनिवार सुबह 6 बजकर 23 मिनट पर हुई। हाईवे पर डंपर कार से आगे चल रहा था। कुछ दूर चलकर डंपर रुक गया। लेकिन अनस कार की रफ्तार धीमी नहीं कर सका। ओवरटेक करने के प्रयास में कार डंपर से टकरा गई। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने रेस्क्यू कर कार में फंसे छात्रों को निकाला। कई घायल छात्रों को सर्वोदय और सीएम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। मामूली रूप से एक घायल छात्र को जिला अस्पताल एमजी में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। कार चालक को नींद की झपकी आने की भी संभावना जताई जा रही है।


हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

### कार में सवार थे ये छात्र

विजय (12) पुत्र अरविंद, रिहान (12) पुत्र इस्लाम, मोहम्मद ओवैस (13) पुत्र बबलू अहमद, आरिश (12) पुत्र फईमुद्दीन, उवैस (12) पुत्र फयूम अहमद, अर्श (12) पुत्र मोहम्मद हसन, फैजान (12) पुत्र साबिर, कोशिंदर (11) पुत्र धन सिंह, जियान (10) पुत्र अलीम व अन्य छात्र सवार थे। ये छात्र अलग-अलग जनपदों के रहने वाले हैं।

### तीन माह के बच्चे के सिर से उठा पिता का साया

**अमरोहा, अमृत विचार :** कार चालक के पिता आशिक अली ने बताया कि अनस की दो साल पहले डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पतेई खालसा की युवती से शादी हुई थी। उसका तीन माह का एक बेटा है। अनस कार मैकेनिक भी था। अब से कुछ साल पहले वह सऊदी अरब में कार ठीक करने का काम करता था। लेकिन घर आने के बाद वह अपनी कार भी चलाने लगा था। वह चार तीन भाई और एक बहन में सबसे बड़ा था। उधर, देर शाम पोस्टमार्टम के बाद कार चालक का शव घर पहुंचा तो परिवार में कोहराम मचा गया। इस दौरान उसकी पत्नी कई बार बेहोश हो गई।

### मढ़न का रहने वाला था आजम



**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** गाजियाबाद में कार सवार असमोली थाना क्षेत्र के गांव मढ़न निवासी छात्र की मौत हो गई। हादसे में गांव निवासी उसका साथी घायल हो गया। गांव मढ़न निवासी पूर्व प्रधान अशरफ हुसैन का मोहम्मद आजम अमरोहा स्थित सेंटर पर कोचिंग कर रहा था। शनिवार तड़के चार बजे वह गांव के ही फैजान के साथ कार में सवार होकर परीक्षा देने दिल्ली जा रहा था। इस बीच गाजियाबाद में कार पलटने से मोहम्मद आजम व फैजान गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने कार से निकालकर घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने देखते ही मोहम्मद आजम को मृत घोषित कर दिया। फैजान का उपचार किया गया। बेटे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे।

# कोतवाली के पास तीन दुकानों में चोरी

संवाददाता, डिडौली

**अमृत विचार :** डिडौली कस्बे में कोतवाली से चंद कदम दूर चोरों ने तीन दुकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। मोबाइल व कपड़े की दुकानों से कई लाख रुपये का सामान चुरा लिया। साथ ही चोरों ने ज्वैलर्स की दुकान के ताले तोड़ दिए। सीसीटीवी कैमरों में चोरों की तस्वीर कैद हो गई। दुकानदारों ने कोतवाली में तहरीर दी है।

कोतवाली से चंद कदम अख्तर मार्केट है। शुक्रवार देर रात चोर मार्केट में पहुंचे और यहां पवन भारद्वाज की मोबाइल की दुकान के ताले तोड़कर 30 स्मार्टफोन, कीपैड मोबाइल व 80 हजार रुपये की नकदी चुरा ली। इसके बाद सैफ क्लॉथ हाउस के ताले तोड़कर कपड़ा, नकदी और मोबाइल चुरा ले गए। बाद में पूरनपुर रोड स्थित कुलदीप गुप्ता की दीप ज्वैलर्स की दुकान के ताले तोड़ दिए। लेकिन रास्ते में लोगों की आहट होने पर चोर वहां से भाग निकले। इस दौरान दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरों की तस्वीर कैद हो गई। सुबह दुकानदारों ने कोतवाली में तहरीर दी।

व्यापारी उपभोक्ता फोरम संस्थान के पदाधिकारियों ने प्रभारी निरीक्षक से मुलाकात कर क्षेत्र में आए दिन हो रही चोरियां रोकने व गश्त बढ़ाने की मांग की। उन्होंने ज्ञापन सौंपकर चोरी का खुलासा करने को कहा। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।


कोतवाली में एसएसआई को शिकायती पत्र देते व्यापारी। ● अमृत विचार

# हजरत अली की यौमे जर्बत पर शबीहे ताबूत हुआ बरामद

संवाददाता, सैदनगली

▸▸ शहादत का जिक्र सुनकर रोये अजादार, मातम किया

**अमृत विचार :** नगर में महल वाली शिया जामा मस्जिद से हजरत अली की यौमे जर्बत के सिलसिले में शबीहे ताबूत बरामद हुआ। सबसे पहले फज्र की नमाज के बाद मस्जिद में एक मजलिस हुई। मर्सियाखुवानी नसीमुल हसन और हमनवा ने की।

मजलिस को मौलाना हसन रजा मुजफ्फरनगरी ने खिताब किया। कहा कि हजरत अली कायनात के सबसे बहादुर थे। रसूल ने कहा था कि मैं इल्म का शहर हूं और अली उसका दरवाजा हैं। अली की मोहब्बत ईमान है।

हर नबी ने मुश्किल में अली को पुकारा है, क्योंकि अली को मुश्किल कुशा का खिताब मिला है। 19 रमजान की सुबह मस्जिदे कूफा में नमाजे फज्र में सजदे की हालत में अब्दुल रहमान इब्ने मुलजिम जालिम ने हजरत अली के सिर पर जहर में बुझी हुई जर्बत लगाई थी जिससे 21 रमजान को उनकी शहादत हो गई। यह जिक्र सुनकर अजादार रोये और मातम किया। मजलिस के बाद ताबूत बरामद हुआ।

मौला अली के शबीहे ताबूत पर भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक, सभासद अमित गुर्जर व भाजपा कार्यकर्ता अभय त्यागी ने फूल चढ़ाए। जुलूस तयशुदा रास्तों से होता हुआ पीर जी इमामबारगाह पहुंचकर संपन्ना हुआ। जुलूस में नोहे सुहैल अब्बास, मुहम्मद हैदर, मिसाल अब्बास ने पढ़े।

## सार-संक्षेप


गांव जीवपुर मुस्तकम में प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### घटिया सामग्री लगाने के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन

**रहरा, अमृत विचार :** विकास खंड गंगेश्वरी क्षेत्र की ग्राम पंचायत जीवपुर मुस्तकम के प्राथमिक विद्यालय में नए भवन का निर्माण किया जा रहा है। इसमें घटिया सामग्री लगाने का आरोप लगाते हुए शनिवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीण यशपाल ने बताया कि इसमें चिनाई मसाला भी मानक के अनुसार नहीं लग रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि मानक के अनुसार सामग्री का प्रयोग किया जाए, ऐसा नहीं किया गया तो समस्त ग्रामीण उपजिलाधिकारी के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। गांव के सरकारी स्कूल का भवन नीचा था और फिर भी नीचा बन रहा है। इसकी ऊंचाई बढ़ाई जाए। एसडीएम भगत सिंह ने बताया कि अभी कोई शिकायती पत्र नहीं मिला है। आरोपों की जांच कराई जाएगी। प्रदर्शन करने वालों में त्रिलोकी, आकाश, लोकेश, यशपाल, कुलदीप, मोहित, धर्मवीर, पुष्पेंद्र सिंह, कपिल कुमार, पप्पू सिंह, नेतराम सिंह, राजपाल सिंह, विनोद कुमार, जगदीश शर्मा, धर्मपाल, सुमित कुमार, राधेश्याम, गिरवर आदि मौजूद रहे।

### अल्लाह ने ईमान वालों पर फर्ज किए रोजे : अली



**सैदनगली, अमृत विचार :** नगर में डॉ. शादाब अली सैफी ने कहा कि अल्लाह ने रमजान में ईमान वालों पर रोजे फर्ज किए हैं। कुरआन में अल्लाह का फरमान है कि ऐ ईमान वालों तुम पर रोजे इस तरह से फर्ज किए गए हैं, जैसे कि तुमसे पिछले वालों पर फर्ज किए गए थे। अल्लाह ने ईमान वालों पर रोजे इसलिए वाजिब किए ताकि वे मुत्तकी परहेजगार बन जाए। जो इंसान रोजा भी रखे और वह मुत्तकी न बन सके तो समझो उसके रोजे का कोई फायदा नहीं है। सिर्फ उसने बेवजह भूख प्यास को बर्दाश्त किया। रोजे की हालत में इंसान कोई भी गुनाह नहीं करेगा तभी उसका रोजा कबूल किया जाएगा। रोजा रखने से इंसान दिमागी व जिस्मानी तौर से ताकतवर हो जाता है। रोजा भी नमाज की तरह इंसान को बुराइयों से दूर रखता है।

### मारपीट में महिला के कान का पर्दा फटा

**हसनपुर, अमृत विचार :** गांव गुलामपुर निवासी अशोक की पत्नी मोरकली शुक्रवार दोपहर उपले रख रही थी। अशोक खेत पर गया था। इस बीच गांव निवासी गजेंद्र, चंपा व जयदेवी आ गए और उपले रखने को मना करने लगे। दोनों में कहासुनी हो गई। तीनों आरोपियों ने मोरकली पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। इससे मोरकली के कान का पर्दा फट गया। तीनों आरोपी ग्रामीणों को आता देख जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गए। पीड़िता अपने पति के साथ कोतवाली पहुंची और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर गजेंद्र, चंपा एवं जयदेवी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


पतेई खादर के प्राथमिक विद्यालय में प्रमाण पत्र दिखाते बच्चे। ● अमृत विचार

### परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम में विद्यार्थी पुरस्कृत

**हसनपुर, अमृत विचार :** पतेई खादर स्थित प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को वार्षिक परीक्षाफल वितरित किया गया। प्रधानाध्यापक व उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह ने विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र बांटे। टॉपर आदित्य व राधिका को सम्मानित किया। प्रधानाध्यापक ने बच्चों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष गौरव नागर, विजेंद्र सिंह, ऋषभ चौधरी, संदीप कुमार, राजीव सिंह, नन्हे सिंह, प्रेम सिंह आदि रहे।

### मारपीट का वीडियो वायरल, एक पक्ष पर कार्रवाई का आरोप

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर में शनिवार को सोशल मीडिया पर दो वीडियो वायरल हुए। इसमें कुछ लोग एक घर पर चढ़ाई करते दिख रहे हैं और फिर मारपीट करते हैं। पीड़ित ने पुलिस पर एक तरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। वायरल वीडियो मोहल्ला काला शहीद का बताया जा रहा है। होली वाले दिन नगर के मोहल्ला काला शहीद में दो पक्षों में झगड़ा हो गया था। एक पक्ष की तरफ से रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। वहीं दूसरा पक्ष के अशरफ ने वायरल वीडियो के बारे में बताया गया कि यह वीडियो उस दिन का है, जब कुछ दबंगों ने उनके घर पर चढ़ाई की थी और उनके साथ मारपीट की थी। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि रंग वाले दिन मारपीट हुई थी। इसमें एक व्यक्ति घायल हुआ था। घायल के भाई ने तहरीर दी थी। उसके आधार पर कार्रवाई की गई।

### दहेज के लिए महिला को दिया तीन तलाक, रिपोर्ट

**अमरोहा, अमृत विचार :** दहेज के लिए महिला के साथ मारपीट कर उसे तीन तलाक देने के मामले में पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। यह मामला अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर का है। यहां के रहने वाले शमशेर ने अपनी बेटी शाइस्ता की शादी 10 साल पहले रजबपुर क्षेत्र के गांव अतरासी कलां निवासी अनवर के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले शाइस्ता को दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। मायके से 50 हजार रुपये लाने का दबाव बनाते थे। आरोप है कि ससुराल वालों ने जून 2023 में शाइस्ता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। इसके बाद वह मायके में रहने लगी। आरोप है कि 16 मार्च को पति अपने परिजनों के साथ मायके में आया। यहां दहेज की मांग करते हुए महिला को मारा पीटा। विरोध करने पर पति ने उसे तीन तलाक दे दिया। इसके बाद पीड़िता ने थाने में शिकायती पत्र दिया। थाना प्रभारी प्रेमपाल सिंह ने बताया कि पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

### संगोष्ठी में मतदान के प्रति किया जागरूक

**हसनपुर, अमृत विचार :** झम्मनलाल पीजी कॉलेज में शनिवार को हुई संगोष्ठी में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीति शर्मा ने मतदान के लिए स्वयंसेवियों को प्रेरित किया। लोगों को शपथ ग्रहण कराई गई। भूगोल विभाग की प्रवक्ता अंशु चौहान ने कहा कि जो युवा इस बार नए मतदाता बने हैं उन्हें अपने आप पर गर्व होना चाहिए। उन्हें अपनी सरकार चुनने का पूर्ण अधिकार है। इस दौरान जितेंद्र, गीता, रौनक, नीलम, सुनील, ललित कुमार राणा, तुषार, कुलदीप, पंकज, विश्वा, भावना, छाया व बृजेश आदि उपस्थित रहे।

### छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर किया प्रेरित

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** नगर के भागीरथी देवी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से मोहल्ला महादेव स्थिति आनन्द धाम आश्रम में शिविर लगाया गया। छात्र-छात्राओं ने मोहल्ला हीरानगर में मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली। डॉ. अवनीश कुमार ने छात्र-छात्राओं व लोगों से कहा कि अच्छी सरकार चुनने के लिए सभी का मतदान करना आवश्यक है। इस दौरान ममता अग्रवाल, डॉ सुधा रानी, संजीव कुमार, लक्की, भूमिका, वंशिका, विधि आदि रहे।

### धोखाधड़ी के मामले में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**हसनपुर, अमृत विचार :** गांव सकरौली मिलक निवासी प्रेमवती पत्नी रमेश व उसकी मां भगवान देई के पास राजपाल और मुरली निवासी रुखालू आए। उन्होंने उससे कहा कि कलुआ निवासी गांव सिरसा गुर्जर की जमीन खरीद लो। मां-बेटियों ने जमीन का सौदा कर लिया और 24 दिसंबर 2008 को पीड़िता की मां के नाम बैनामा पंजीकृत हो गया। पीड़िता ने राजस्व अभिलेखों में जांच कराई गई तो पाया गया कि भूमि जाटव समाज के कलुआ की है। भूमि बेचने वाला कलुआ गुर्जर है। 16 जनवरी 2024 को जब बैनामा निरस्त करने की मांग की तो आरोपी कलुआ भड़क गया। पीड़िता की जब कोतवाली में सुनवाई नहीं हुई तो उसने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय के आदेश के बाद कलुआ, राजपाल व मुरली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है।

# प्रत्याशी दानिश अली समेत 13 ने खरीदे नामांकन पत्र

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट परिसर में दूसरे दिन शनिवार को भी नामांकन प्रक्रिया जारी रही। हालांकि कोई नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कुंवर दानिश अली समेत 13 दावेदारों ने नामांकन पत्र खरीदे।

जिले में लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा। इसके लिए 28 मार्च से नामांकन प्रक्रिया चल रही है। प्रत्याशी कुंवर दानिश अली के लिए नामांकन पत्र खरीदा गया। इनके अलावा 6 निर्दलीय व 7 अन्य दलों के लिए भी दावेदारों ने समर्थकों ने नामांकन पर खरीदे। अब तक कुल 30 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे हैं। यह नामांकन प्रक्रिया 4 अप्रैल तक चलेगी। इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। फिर नाम वापसी होगी। शनिवार को नामांकन प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहे। सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक अमरोहा जोया रोड वन वे किया गया था। बंबूगढ़ चौराहे एवं कचहरी चौराहे पर बैरियर लगाए गए थे।


नामांकन प्रक्रिया के दौरान अमरोहा-जोया रोड पर लगाए गए बैरियर।

### बिना अनुमति कार्यक्रम करने पर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी पर होगी कार्रवाई

**हापुड़, अमृत विचार :** गढ़मुक्तेश्वर स्थित एक होटल में बिना अनुमित के कार्यकर्ता परिचय सम्मेलन आयोजित करने पर अमरोहा लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कुंवर दानिश अली के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लघंन में कार्रवाई होगी।

गढ़मुक्तेश्वर की एसडीएम साक्षी शर्मा ने बताया कि गठबंधन प्रत्यशी की ओर से बिना अनुमति राजनीतिक कार्यक्रम किया जा रहा था। सूचना के बाद पुलिस व तहसील प्रशासन की टीम मौके पर भेजकर वीडियोग्राफी कराई गई। इस मामले में आदर्श आचार संहिता के उल्लघंन के तहत कार्रवाई होगी।

उधर, दानिश अली ने बताया कि प्रशासन से कार्यक्रम की अनुमति ऑनलाइन मांगी गई थी, लेकिन तकनीकी समस्या के चलते अनुमति स्वीकृत नहीं हो पाई थी।


भाकियू शंकर की पंचायत में बोलते राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह। ● अमृत विचार

# पंचायत में उठाए किसानों के मुद्दे

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन शंकर की मासिक पंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि नई खतौनी बनाई जा रही है। उसमें बहुत त्रुटियां हैं।

लोगों के नाम नई खतौनी से गायब हैं। जल्द नई खतौनी को संशोधित कराया जाए। नगर के अमरोहा मार्ग स्थित मंडी समिति के परिसर में भाकियू शंकर की मासिक पंचायत हुई। इसके बाद किसानों की समस्या से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि क्षेत्र में कुत्तों व बंदरों ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस लोगों को मुचलके पर पाबंद कर रही है, जो गलत है। किसानों से ग्रीन कार्यालय के नाम पर काफी पहले जमीनों का बैनामा करा लिया गया है, लेकिन आज तक किसानों के खाते में कोई पैसा नहीं आया। इस दौरान महिलाल सिंह, उदयवीर सिंह, धीरज सिंह, देवेंद्र सैनी, ओमपाल सिंह, जगरूप, महिपाल सिंह सैनी, धर्मपाल सिंह, नेतराम सिंह, बुद्ध प्रकाश, हरी सिंह, राजू, सुनील, शेर सिंह राणा आदि रहे।

## शिक्षा

ब्रिलिएंट स्कॉलर्स पब्लिक इंटर कॉलेज में परीक्षाफल का किया गया वितरण

# शिक्षा से ही विकास संभव, बच्चों को मेहनत से पढ़ाना जरूरी : मंत्री

संवाददाता, नौगांवा सादात,

**अमृत विचार :** ब्रिलिएंट स्कॉलर्स पब्लिक इंटर कॉलेज में शनिवार को परीक्षाफल वितरण किया गया। इस दौरान मंत्री ओमप्रकाश गोला ने कहा कि शिक्षा से ही विकास संभव है। इसलिए बच्चों को मेहनत के साथ पढ़ना चाहिए।

बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रबंधक डॉ. मोमराज सिंह गुर्जर व प्रधानाचार्य बेगराज सिंह यादव ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले अवनी चौधरी, शिवाय मावी, यश सैनी, दीपिका पूनिया, दिशु, पीहू पौषवाल, आदर्श पोसवाल, इक्षित राजपूत, हिमांक यादव, रीतिका जाटव, हार्दिक संधु, आरूषि सैनी, मोहम्मद आहद, रुद्रअंजय मावी, मोहम्मद समद, तनवी पोशवल, आराध्या यादव, अलशिफा, कृष्णा पोसवाल, खुसप्रीत देवल, खुशबू चौधरी, वंदना पोशवाल, अंश चौहान, जिया रानी, अंशिका गोला, निधि प्रजापति, कुणाल यादव, मौली यादव, यशु चौहान, अनुम मंसूरी, आर्यन यादव, सत्यम यादव, कणिका राणा, जतिन चौहान, इशिका प्रजापति, जिया फातिमा, हिमाद्री सैनी, शगुन यादव, नितेश कुमार को प्रमाण पत्र बांटे। इस मौके पर श्रीराम इंटर कॉलेज के प्रबंधक ईश्वर सिंह यादव, पूर्व ब्लॉक प्रमुख डॉ. शांता गुर्जर, मनोज वर्मा, सुधांशु विश्नोई, डॉ. निधि गुर्जर, डॉ. अर्पित गुर्जर, ऋषिपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

▸▸ बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मन मोहा



प्रसन्न मुद्रा में ब्रिलिएंट स्कॉलर्स पब्लिक इंटर कॉलेज के बच्चे, साथ में अन्य।



प्रमाण पत्र दिखाते एचएसएस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी।

### एचएसएस पब्लिक स्कूल में बच्चों को किया सम्मानित

**हसनपुर, अमृत विचार :** एचएसएस पब्लिक स्कूल में कक्षा नर्सरी से 11वीं तक के बच्चों का रिपोर्ट कार्ड दिवस आयोजित हुआ। कक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को विद्यालय की ओर से ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। नर्सरी में लावण्या मित्तल, आरव गहलोत, हितांशी अग्रवाल, ऐमान खान, कियारा राजपूत, शिलादित्य त्रिवेदी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 9वीं में दिव्यांशी गौड़, जयदीप सैनी, सानिया प्रथम रही। प्रबंधक राजीव अग्रवाल ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्रधानाचार्य वरुण मोहन गुप्ता, उप प्रधानाचार्य अंकुर आदि मौजूद रहे।

### भाजपा नेता के भतीजे पर तेंदुआ ने किया हमला

**मंडी धनौरा, अमृत विचार:** फंदेड़ी सादात में तेंदुआ ने भाजपा नेता के भतीजे पर हमला कर उसे घायल कर दिया। उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। गांव फंदेड़ी सादात में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला मंत्री मनव्वर अली का परिवार रहता है।

मनव्वर अली ने बताया कि शनिवार सुबह 8 बजे उनका भतीजा जफर अब्बास (22) खेत पर चारा लेने गया था। वह चारा काट रहा था तभी तेंदुआ ने उस पर हमला कर दिया। तेंदुआ ने गर्दन पर वार किया। चीख पुकार सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान उसके पास पहुंचे। घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम से पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने की मांग की है।

## एक नजर

### तमंचा के साथ युवक गिरफ्तार

असमोली, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र के गांव खानपुर बंद से जाने वाली सड़क पुख्ता के पास शनिवार को असमोली निवासी विपिन खड़ा हुआ था। संदिग्ध लगने पर किसी ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने विपिन से पूछताछ की, लेकिन विपिन पुलिस को यहां खड़े होने के बारे में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। तलाशी लेने पर तमंचा बरामद हुआ तो पुलिस ने विपिन को गिरफ्तार कर लिया।

### मतदान के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई

संभल, अमृत विचार : राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा चौथे एक दिवसीय शिविर में श्रमदान किया गया। मानव श्रृंखला बनाकर बनाकर शिविरार्थियों को आसपास के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। प्राचार्य डॉ. प्रभा शर्मा ने कहा कि मतदान के प्रति हमेशा सजग और जागरूक रहना चाहिए और दूसरों को भी जागरूक करना चाहिए। द्वितीय सत्र में शिविरार्थियों ने कविता और विचार लिखकर साझा किए। जिसमें पूजरा रानी, दिव्यांशु आरिष्ट, हुसन, समरा, सुल्ताना, अन्नू, शिव सागर, इमरान पठान ने हिस्सा लिया।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइकें टकराई, 5 लोग घायल

बहजोई, अमृत विचार : गांव चंदन कटी मौजा निवासी धनीपाल व योगेंद्र बाइक पर सवार होकर बहजोई से संभल की ओर जा रहे थे। गांव परतापुर के चौराहे पर उनकी बाइक में ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। उनकी बाइक महोरा निवासी प्रदीप, उसका भाई प्रेम सिंह व चचेरा भाई प्रताप सिंह की बाइक से टकरा गई। जिसमें दोनों बाइक पर सवार पांच ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर कोतवाल सत्येंद्र कुमार भी पहुंच गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल संभल रेफर कर दिया।

### पकौड़ी खरीद रहे व्यक्ति को बाइक ने मारी टक्कर

संभल, अमृत विचार : आदमपुर मार्ग पर पानी की टंकी के पास निवासी इरफान शनिवार की देर शाम कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव चाचूनागल में स्थित सैलून बंद कर बाइक से घर आ रहा था। संभल आदमपुर मार्ग पर गांव खिरनी फैक्ट्री के पास इरफान बाइक खड़ी कर दुकान से पकौड़ी खरीद रहा था। अचानक से आई तेज रफ्तार बाइक ने इरफान में टक्कर मार दी। जिससे इरफान घायल हो गया।

# पति की हत्या के आरोप में महिला व उसके प्रेमी को आजीवन कारावास

## जिला सत्र अदालत ने दोनों पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/संभल

**फैसला**

**2016 को संभल की शहजादी रोड सराय में हुई थी घटना**

अमृत विचार : पति की हत्या में महिला और उसके प्रेमी को आजीवन कारावास और 10-10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। घटना 17 सितंबर 2016 को संभल के शहजादी रोड सराय में हुई थी। मुकदमा जिला एवं सत्र न्यायाधीश जनपद संभल स्थित चन्दौसी में विचाराधीन था।

वादी ब्रजवीर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसका भाई कमलवीर 2002 से विद्युत विभाग में प्राइवेट ठेकेदार के पास चालक था। कमलवीर का लाइनमैन भूप सिंह के घर आना जाना हो गया था। इसी बीच कमलवीर ने भूप सिंह की बेटी दामिनी के साथ प्रेम विवाह कर लिया था। पता चलने पर दोनों परिवारों ने रीति रिवाज के साथ विवाह कराया था। विवाह के बाद पति-पत्नी हस्तिनापुर रहने लगे। 2008 में दामिनी ने बेटे हिमांशु को जन्म दिया और पति पर संभल रहने का दबाव बनाने लगी। जिससे कमलवीर अपना पैतृक मकान बेच कर हिस्सा देने की बात कहने लगा। साथ ही पत्नी दामिनी के कहने पर संभल शहजादी सराय आकर रहने लगा। जहां 2011 में दामिनी ने दूसरे पुत्र को जन्म दिया। इसी बीच दामिनी का मकान में रह रहे राजू नाम के युवक से प्रेम प्रसंग हो गया। कमलवीर ने उसे प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया। पत्नी के चाल चलन से कमलवीर परेशान हो गया और अपने दोनों बेटों को हस्तिनापुर छोड़ कर संभल रहने लगा। 16 सितंबर की शाम दामिनी के परिवार वालों ने कमलवीर के परिवार वालों को फोन पर सूचना दी कि कमलवीर का एक्सीडेंट हो गया है। वह तत्काल मौके पर पहुंचे तो कमलवीर की हत्या कर लाश फंदे पर लटका दी गई थी। पुलिस ने धारा 302 आईपीसी के तहत दामिनी पत्नी कमलवीर, राजू पुत्र दिनेश गुप्ता निवासी शिव कालोनी शहजादी सराय रोड थाना संभल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचना के बाद साक्ष्यों को जुटा कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया।

मुकदमा जिला एवं सत्र न्यायाधीश जनपद संभल स्थित चन्दौसी में विचाराधीन था। अभियोजन पक्ष से डीजीसी राहुल दीक्षित ने साक्ष्यों के आधार पर बहस कर दलीलें पेश कीं। शनिवार को मुकदमे पर सुनवाई करते हुए जनपद न्यायाधीश कमलेश कच्छल ने आरोपी दामिनी व राजू को धारा 302 आईपीसी सहपठित धारा 34 में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास एवं 10-10 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर एक-एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। जेल में बिताई गई अवधि सजा में समायोजित की जाएगी।

## कार्यकर्ताओं के साथ ज्ञापन देने पहुंचे शहर अध्यक्ष को एसडीएम ने फटकारा

संभल, अमृत विचार : आयकर विभाग द्वारा आठ वर्ष के रिटर्न आदेश को फिर से खोले जाने के विरोध में कांग्रेसी ज्ञापन देने के लिए एसडीएम दफ्तर पहुंचे। कई कार्यकर्ताओं को देखकर एसडीएम नाराज हो गए और शहर अध्यक्ष को फटकार लगाते हुए बैठा लिया। अन्य कार्यकर्ता बाहर आ गए तो बाद में शहर अध्यक्ष ने अकेले ही राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

कांग्रेस के शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद कार्यकर्ताओं के साथ एसडीएम दफ्तर पहुंचे। कई कार्यकर्ताओं को देखकर एसडीएम विनय कुमार मिश्रा ने तेवर दिखाए। कहा कि आचार संहिता के दौरान यह सब नहीं चलेगा। एसडीएम ने शहर अध्यक्ष को फटकार लगाई तो अन्य कार्यकर्ता बाहर आ गए।

काफी देर बाद शहर अध्यक्ष ने एसडीएम को अकेले ही ज्ञापन सौंपा। इस दौरान वीर सिंह सागर, डॉ. सलाहुद्दीन, सुभानी, मौअज्जम हुसैन आदि रहे।

## सार संक्षेप



सिरसी में निकले इमाम अली के जुलूस में शामिल लोग। ● अमृत विचार

### गमगीन माहौल में निकला इमाम अली का जुलूस

संभल/सिरसी, अमृत विचार : सिरसी में नबी ए करीम के दामाद और शियाओं के पहले इमाम अली का जुलूस गमगीन माहौल में निकाला गया। जिसमें अजादारों ने मातम किया। शनिवार को सुबह मस्जिद मुहल्ला सादात में नमाज के बाद मजलिस शुरू हुई। जिसे खिताब करते हुए मौलाना मौलवी मीसम अब्बास मुजफ्फरनगरी ने कहा कि मस्जिदे कूफा में इब्ने मुल्जिम ने हालाते सजदा के अंदर हजरत अली के सिर में जहर से भीगी हुई तलवार मारकर जख्मी कर दिया था। उन्हीं की याद में मुहल्ला शर्की मस्जिद सादात से शबीहे ताबूत निकाला गया। जिसमें सवारी वकार मेहंदी और उनके हमनवां ने पढ़ी। जुलूस इमामबाड़ा मुहल्ला सादात में जाकर संपन्न हुआ। 19वीं शबे कद्र के मौके पर सिरसी सादात में मस्जिदों में आमाल किए गए। रातभर जागकर शबे कद्र में नमाज पढ़कर दुआ की गई। अपने गुनाहों की माफी मांगी।



भाकियू असली के होली मिलन में मौजूद किसान। ● अमृत विचार

### भाकियू असली ने मनाया होली मिलन समारोह

संभल, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन असली के होली मिलन समारोह में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और किसानों ने एक-दूसरे के गले मिलकर होली की बधाई दी। भाकियू असली के बैनर तले गांव भटोला में दोजी प्रधान के यहां होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। जिसमें भाकियू असली के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और किसान एक-दूसरे के गले मिले। इस परंपरा को आगे भी जारी रखने की बात कही। इस बीच किसान आंदोलन में शहीद हुए किसानों को श्रद्धांजलि भी दी गई। किसानों से आंदोलन के लिए तैयार रहने की अपील की गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव, पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी चौधरी संजीव गांधी, दिनेश सिरोही आदि रहे।

### नेजा मेला आयोजन में नई परंपरा कायम न हो

संभल, अमृत विचार : हिन्दू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने नेजा मेला आयोजन की तिथि पर आपत्ति करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें नेजा मेले को लेकर किसी तरह की नई परंपरा कायम नहीं होने देने की मांग उठाई। हिन्दू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को एसडीएम विनय कुमार मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। कहा कि संभल में नेजा मेले का आयोजन होली के बाद आने वाले दूसरे मंगलवार को किया जाता था लेकिन आज तक नेजा मेले की ढाल नहीं लगाई गई है। जिससे प्रतीत होता है कि नेजा मेला कमेटी पहले से चली आ रही परंपरा को नजरअंदाज करते हुए नई परंपरा डालकर नेजा मेला आयोजन करना चाहती है। कहा कि नौ अप्रैल को नवरात्र शुरू हो रहे हैं तो 17 अप्रैल को श्रीराम नवमी महोत्सव पर शोभात्रा निकाली जाएगी। पिछले वर्षों की तरह परंपरा अनुसार नेजा मेले का आयोजन कराया जाए। इस दौरान नगर संयोजक अभिनंदन शर्मा, संजय कश्यप, सत्यप्रकाश, अभिषेक, नवीन कुमार रहे।

# परीक्षाफल मिला तो खिले विद्यार्थियों के चेहरे

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

अमृत विचार : सूरजमुखी इंटर कॉलेज व सूरजमुखी बाल विद्यालय गवां में वार्षिक परीक्षाफल वितरित किया गया। जिसे पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे।

घोषित परीक्षाफल के अनुसार कक्षा 11 कला वर्ग में पायल गोयल, ज्योति, दिव्य कुमार, विज्ञान वर्ग में भावना, सृष्टि, तन्वी, कक्षा 9 में प्रशांत, यश, कीर्ति, कक्षा 8 में रोहनी, शालू, उमरा अख्तर, कक्षा 7 में सौम्या गौड़, विकास, वंशिका शर्मा, कक्षा छह में गौरी अग्रवाल, आशीष सिंह, नंदनी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंटर कालेज में रोहनी टापर रही। सूरजमुखी बाल विद्यालय में कक्षा 1 में मोहिनी, जागृति, फिजा, कक्षा 2 में तनिष्क, मोहम्मद शान, विशाल, कक्षा 3 में समीर, वर्षा, संतोष कुमारी, कक्षा 4 में तुलसी, रवि, राधा, कक्षा 5 में अखलद, सना, अमन मेधावी रहे। प्रबंधक अखिलेश अग्रवाल और अध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया। उन्हें परीक्षाफल, प्रशस्ति पत्र और कलेंडर भी वितरित किए गए। इस दौरान प्रधानाचार्य कृपाल सिंह, इरशाद अली, अभिनव कुमार, अनुज कुमार, ओमप्रकाश, मनोज शर्मा, सरिता, सीमा, रिफा, शिवानी, प्रवेश आदि रहे।



विद्यालय में प्रशस्ति पत्र के साथ मेधावी छात्र- छात्राएं। ● अमृत विचार

**परिणाम घोषित**

**वार्षिक परीक्षाफल वितरित किया गया**

# मुख्य बाजार में भूमिगत बिजली लाइन डालने को एस्टीमेट तैयार

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार : इंदिरा चौक से रेलवे स्टेशन तक मुख्य बाजार में लटके बिजली के तारों के जंजाल से लोगों को छुटकारा मिलेगा। ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर बिजली लाइन को भूमिगत करने के लिए एस्टीमेट तैयार कर लिया गया है।

मुख्य बाजार में विद्युत तारों का मकड़जाल लोगों के लिए खतरा बनकर मंडरा रहा है। ढीले तार और उससे होने वाले शार्ट सर्किट आये दिन लोगों के लिए मुसीबत का सबब बने रहते हैं। नगर पंचायत चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने 6 दिसंबर 2023 को ऊर्जा मंत्री एके शर्मा को पत्र भेज कर इंदिरा चौक से रेलवे स्टेशन तक मुख्य बाजार में करीब 450 मीटर बिजली के तारों को भूमिगत करने की मांग की थी। ऊर्जा मंत्री ने 11 दिसंबर को पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक को इस पर काम करने का निर्देश दिया। जिस पर बिजली विभाग के जेई दिनेश कुमार ने टीम के साथ इंदिरा चौक से लेकर रेलवे स्टेशन तक नाप तौल कर स्टीमेट तैयार किया। जेई ने बताया कि औपचारिकताएं पूरी होने के बाद जल्द ही इस प्रोजेक्ट के जमीनी स्तर पर उतरने की उम्मीद है।



अंडरग्राउंड बिजली लाइन के लिए नाप-जोख करते जेई।



कॉलेज में अपने बनाये पोस्टर दिखाते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार



बहजोई में मतदान की शपथ लेते छात्र -छात्राएं। ● अमृत विचार

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर स्लोगन प्रतियोगिता

संवाददाता, संभल

अमृत विचार : एमजीएम कॉलेज संभल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के चौथे एक दिवसीय शिविर में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नेमपाल सिंह के नेतृत्व में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता में स्वयंसेवकों और स्वयंसेविकाओं ने हिस्सा लिया। जिसमें शगुन ने प्रथम, मोहम्मद कादिर ने द्वितीय और रसेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

द्वितीय सत्र में मतदान जागरूकता विषय पर हुई विचार गोष्ठी में डॉ. निरंकार सिंह ने कहा कि शत प्रतिशत मतदान करने के लिए समाज को जागरूक करना चाहिए। अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रोफेसर डॉ.योगेंद्र सिंह ने कहा कि मतदान के प्रति जागरूक करके समाज में क्रांति लानी है। जिससे लोग जागरूक होकर शत प्रतिशत मतदान कर सकें।

### छात्र-छात्राओं को मतदान का महत्व समझाया

बहजोई, अमृत विचार : बहजोई महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के चौथे एक दिवसीय शिविर में मेरा पहला वोट, मेरे देश के लिए विषय पर चर्चा की गई। छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गीता ने जात-पात और धर्म से बढ़कर मतदान करने के लिए शपथ दिलवाई। समाजशास्त्र के सहायक प्रोफेसर संजय कुमार ने स्वयंसेवियों को मतदान का महत्व समझाया। प्रोफेसर श्रीनिवास सिंह यादव ने मतदान के महत्व को बताया कार्यक्रम के तहत स्वयंसेविकों ने जन जागरूकता रैली निकाली। अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान गौरव वार्ष्णेय, भगवान सिंह चौहान, रामतीर्थ, पूजा शर्मा, संजय कुमार, प्रीति शर्मा, डॉ. रामचंद्र, मनोज कुमार यादव, श्रीनिवास सिंह यादव, निधि राघव, सलोनी रस्तोगी, अलका धीमान, भुवनेश कुमार आदि रहे।

## स्वास्थ्य संवर्धन के लिए गतिविधियां करेंगे शिक्षक

संभल, अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संभल में आयुष्मान भारत स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ। जिसमें कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में डॉ. नीरज कुमार शर्मा ने कहा कि स्कूल हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से ब्लॉक के सभी सरकारी, सहायता प्राप्त स्कूलों में क्रियान्वित किया जाएगा। प्रत्येक विद्यालय से दो शिक्षकों इनमें एक महिला और एक पुरुष को हेल्थ वेलनेस एंबेसडर नामित किया जाएगा। शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण भी होगा। प्रशिक्षित शिक्षक प्रत्येक सप्ताह एक घंटे की उत्साहवर्धन गतिविधियां स्वास्थ्य संवर्धन हेतु संचालित करेंगे। हरेंद्र सिंह ने कहा कि प्रत्येक मंगलवार को स्कूल में हेल्थ एंड वेलनेस दिवस का आयोजन होगा।

### अच्छी शिक्षा और संस्कार ही जीवन को देते हैं नया रूप

धनारी, अमृत विचार : डीपी विद्यापीठ धनारी में वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम हुआ। जिसमें छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर मंत्रमुग्ध कर दिया। परीक्षाफल के अनुसार, कक्षा नर्सरी से कथा नौ तक बहारे आलम, दिव्या यादव, काव्या यादव, ईशान, राघवेंद्र यादव, सुरभि, राधिका, प्रतीक, तनवीर, अमलेश, पंकज, उज्जवल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मेधावी बच्चों को परीक्षाफल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि चेयरमैन व पूर्व मंत्री डीपी यादव ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रुप देते हैं। हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। प्रधानाचार्या लक्ष्मी रावत,प्रबंध कमेटी सदस्य अरुण यादव, डीके त्यागी और अभिभावक मौजूद रहे।



स्कूल में पुरस्कार देते डीपी यादव।

### सूचना

मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण न्यायालय (MACT), सम्भल/चन्दौसी
MACP- 73/22
मौ0 फरहान
बनाम
1. न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी
2. मौ0 सुबहान पुत्र मौ0 अमान निवासी ग्राम ताहरपुर आंशिक थाना मैनाठेर जिला मुरादाबाद (वाहन स्वामी)
3. सुमित कुमार पुत्र महीपाल सिंह निवासी ग्राम नौसेना सेखपुर थाना मैनाठेर जिला मुरादाबाद (वाहन चालक)

मौ0 फरहान ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक 18.04.2024 को समय से खुद या मार्फत वकील जो मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब सवालात दे सके, हाजिर हो। आपको बाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज भी पेश करें। यदि आप हाजिर नहीं होंगे तो आवेदक को सुनकर एक पक्षीय पारित किया जायेगा।

न्यायालय (MACT), सम्भल/चंदौसी

### श्रीराम लला का चित्र उकेरने वाले डॉ.सुनील का स्वागत

बबराला, अमृत विचार : अयोध्या के श्रीराम मंदिर में प्रतिष्ठापित श्रीराम लला के विग्रह का रेखाचित्र उकेरने वाले अंतर्राष्ट्रीय चित्रकला पुरस्कार और राष्ट्रीय एकेडमी पुरस्कार से सम्मानित डॉ. सुनील विश्वकर्मा शनिवार को उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप के कार्यक्रम में भाग लेने बहजोई जाते समय दोपहर को बबराला में रोहिताश्व वार्ष्णेय के प्रतिष्ठान पर रुके।

यहां आरएसएस, विहिप और भाजपा नेताओं सहित तमाम लोगों ने उन्हें पटका पहना कर सम्मानित किया। इस दौरान चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय, डॉ. कैलाश वार्ष्णेय, डॉ. पूर्वा वार्ष्णेय, अतुल गोयल, मणिकांत वार्ष्णेय, उमेश वार्ष्णेय, कमलेश वार्ष्णेय, तान्या गुप्ता, कमल वार्ष्णेय, आदि रहे। डॉ.सुनील विश्वकर्मा देर रात राजघाट गंगा घाट पर आयोजित गंगा महाआरती में शामिल हुए।

# संस्कार युक्त शिक्षा ग्रहण करें बच्चे : अनुकृति

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आईपीएस अनुकृति शर्मा ने कहा कि बच्चों को केवल शिक्षा नहीं बल्कि संस्कार युक्त शिक्षा दी जानी चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान नर्सरी में सचिन और अभिषेक, एलकेजी में वंशी, वाणी मिश्रा, मीनाक्षी और धेनुका जबकि यूकेजी में छवि, आदित्य व अर्पित प्रथम रहे। हिमांशी व दीपांजलि बाबू पहली कक्षा में तो दूसरी कक्षा में संयुक्त रूप से माही व अवनी वर्मा जबकि तीसरी कक्षा में शगुन सिंह व हातिम प्रथम रहे। कक्षा चार में आस्था वर्मा व शिल्पी सैनी जबकि पांचवीं में काव्या व मनोज कुमार टापर रहे। कक्षा छह में ध्रुव व शिवानी यादव, सातवीं में शिवम यादव व अनुश कुमार, आठवीं में दिव्यांश व विशाल टापर बने। नवीं कक्षा में उज्ज्वल,नंदिनी शर्मा, अजीम, मोंटी सांगवांन और 11वीं में आराध्या रस्तोगी, महक ठाकुर और अनुष्का सैनी टापर रहे। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक अशोक गर्ग, अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, अनिल गर्ग, नरेश राधू,राकेश अग्रवाल, योगेंद्र शर्मा, संजय सांख्यधर, श्याम शरण दालभ,विष्णु सरन रस्तोगी आदि मौजूद रहे।



सरस्वती विद्यालय में पुरस्कार के साथ टापर बच्चे व अतिथि।



स्कूल में पुरस्कार मिलने के बाद बच्चे। ● अमृत विचार

### मेधावियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया

बहजोई, अमृत विचार : गोल्डन पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक संजय बजाज व राजीव सर्राफ ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। स्कूल में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले किंजा प्रथम, मोहित द्वितीय, तुलसी तृतीय स्थान पर रही। वहीं पीजी कक्षा में कृष्ण ने प्रथम, अरब ने द्वितीय व अनामिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अपनी अपनी कक्षा में अव्वल रहने वाले जेसिका, मधु, जानवी, तन्वी, कपिल, पिंकी, नित्या, अनंत व अरब को अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पुरस्कार पाकर उनके चेहरे खिले उठे। इस दौरान भूमि बजाज, सकार वार्ष्णेय, वर्षा वार्ष्णेय, स्नेहा वार्ष्णेय, शालिनी वार्ष्णेय सोनी वार्ष्णेय, ममता वार्ष्णेय वैष्णो वार्ष्णेय ने सहयोग किया।

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL RMC BAREILLY Excellence towards profession
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं0 9045372695 रिसेप्शन नं0 : 0581-2526012,11
कमरा नं. 1089A
ओ.पी.डी. समय : प्रातः 9.00 से 3.00 बजे तक
हृदय रोग विभाग की सुविधाएं
- अनुभवी चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग का सम्पूर्ण इलाज व सुविधाएं
- इंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
- टी.एम.टी.
- होल्टर टेस्ट (Holter Test)
- बैलून बाल्बोटामी
- इकोकार्डियोग्राफी
- कार्डिएक रीसिंक्रनाइज़ेशन थेरेपी (CRT)
- इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर-डीफिब्रिलेटर (ICD)



हृदय रोग के लक्षण
- क्या छाती में दर्द या भारीपन रहता है और चलने पर बढ़ जाता है?
- क्या आपके पैरों में सूजन आती हैं?
- क्या खाना खाने के बाद सीने या पेट में जलन या दर्द होता है?
- क्या चलने में साँस फूलती है, हाथों में दर्द होता है एवं अचानक बेहोशी आना।
- क्या चलने पर घबराहट होती है?
- क्या आपको डाइबिटिज (शुगर) या हाई कोलेस्ट्रोल, या हाई ब्लडप्रेशर की शिकायत है और साँस फूलती है?
इस प्रकार का कोई भी लक्षण होने पर तुरन्त परामर्श करें
रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर इलाज मुफ्त
इमरजेंसी एवं आई.सी.यू. सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिथ्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

अमृत विचार www.amritvichar.com

## एक नजर

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बहजोई रोड पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। बहजोई थाना क्षेत्र के गांव पुरा मझोला निवासी युवक योगेश पुत्र ब्रजपाल की मां की बीमारी का उपचार मुरादाबाद में चल रहा है। शनिवार की सुबह योगेश अपने बड़े भाई व भतीजे को बाइक से चन्दौसी रेलवे स्टेशन छोड़ने आया था। भाई व भतीजे को मुरादाबाद जाना था। सुबह आठ बजे युवक वापस अपने घर लौट रहा था। जब युवक बहजोई रोड पर पहुंचा तो सामने से आ रहे वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

### कथा के पहले दिन निकाली कलश यात्रा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव बनियाखेड़ा की मढ़ैया के शिव मंदिर में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को कथा के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाओं व युवतियों ने पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश रखकर कलश यात्रा निकाली। इसके उपरांत कथा वाचक सोमवीर शास्त्री ने कथा का वर्णन किया। बताया कि कलयुग में हर व्यक्ति को भगवान की भक्ति करनी चाहिए। श्रीमद भागवत कथा सुनने से मनुष्य के आधे पाप खत्म हो जाते हैं। अंत में आरती के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान रघुनाथ सिंह, अंकुल, प्रवीण, धर्मेंद्र, सचिन, शिव सिंह, पुरुषोत्तम, अमन, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

### गोबर डालकर लौट रही किशोरी के साथ छेड़खानी

**कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की दोपहर गांव के बाहर गोबर डालकर लौट रही किशोरी के साथ गांव के ही एक युवक द्वारा घर में खींचकर कमरे में बंद कर छेड़खानी की गई। किशोरी बदहवास हालत में घर पहुंची और अपनी मां को घटना की जानकारी दी। शुक्रवार को किशोरी के भाई ने थाने पहुंच कर तहरीर दी है।

# ताले तोड़कर किसान के घर से डेढ़ लाख की चोरी

## घटना के वक्त खेत पर गया हुआ था परिवार, पुलिस पहुंची

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर



अकरौली में चोरी की जानकारी देता किसान। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** थाना बनियाठेर के गांव अकरौली में शनिवार की सुबह किसान के घर के ताले तोड़ कर चोरों ने जेवर व नगदी समेत डेढ़ लाख का माल चोरी कर लिया और रफूचक्कर हो गए। घटना के वक्त किसान का परिवार खेत पर था। थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली है। घटना की पुलिस को तहरीर दी गई है।

गांव अकरौली निवासी किसान रमेश मौर्य पुत्र होरी लाल खेती कर परिवार का भरण पोषण करता है। किसान रमेश ने बताया कि शनिवार की सुबह 11 बजे वह और उसकी पत्नी प्रेमवती खेत पर गए हुए थे। पुत्र वधु सीमा देवी घर पर थी। इस बीच वह घेर में पशुओं

**वारदात**

▸▸ थाना बनियाठेर के गांव अकरौली में सुबह के समय हुई घटना

को पानी पिलाने गई थी। उसी दौरान चोर घर में घुस गए और कमरों के ताले तोड़ कर सामान समेट लिया। कुछ देर बाद जब पुत्र वधु घेर से घर लौटी तो कमरे का नजारा देख कर भौंचक्की रह गयी। कमरे में रखी अलमारी खुली पड़ी थी और सामान बिखरा था। पीड़ित ने बताया कि छानबीन करने पर अलमारी में रखी सोने की एक अंगूठी, गले की कंठी, एक जोड़ी कुंडल, टीका, चांदी के हाथफूल आदि जेवरात गायब थे। चोरी करीब डेढ़ लाख का सामान ले गए। थानाध्यक्ष मोहित कुमार काजला भी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी की।

### युवक से डेढ़ लाख रुपये व सोने की अंगूठी छीनी



युवक का उपचार करता स्वास्थ्य कर्मी।

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में लक्ष्मण गंज पुलिस चौकी से कुछ कदम दूरी पर गोदाम पर बैठे युवक से चाकू की नोक पर डेढ़ लाख रुपये की नकदी व सोने की अंगूठी छीन ली। विरोध करने पर मारपीट की। घटना को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस में हड़कंप मच गया। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। कोतवाली क्षेत्र के बड़ा महादेव निवासी विशाल गुप्ता पुत्र सुभाष चंद्र का लक्ष्मणगंज पुलिस चौकी के पास गोदाम है। शनिवार की दोपहर विशाल अपने गोदाम में बैठे थे। आरोप है कि तभी तीन युवक पहुंचे और चाकू की नोक पर गोदाम स्वामी को बेसमेंट में ले गए। जहां आरोपियों ने युवक से डेढ़ लाख रुपये की नकदी व सोने की अंगूठी छीन ली और विरोध करने पर मारपीट की। युवक ने शोर मचा दिया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने बताया जाता है कि शनिवार की दोपहर कुछ युवक विशाल गुप्ता की गोदाम के आगे बाइक खड़ी कर रहे थे। बाइक खड़ी करने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। फिलहाल घटना की जांच कराई जा रही है।

# रिश्तेदारी में जा रहे बाइक सवार मां-बेटा घायल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



घायलों को देखते परिजन।

**अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव आटा-नेहटा मार्ग पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मां-बेटा घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

बदायूं जनपद के थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव पिपरिया निवासी फुरकान पुत्र गफ्फार अपनी मां हसीना बेगम के साथ अपनी नानी के घर थाना गुन्नौर गया था। शनिवार की सुबह आठ बजे युवक अपनी मां के साथ बाइक पर सवार होकर वापस अपने घर लौट रहा था। जब सुबह नौ बजे युवक थाना बनियाठेर क्षेत्र के आटा-नेहटा मार्ग पर पहुंचा तो सामने से आ रहे वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में

▸▸ थाना बनियाठेर के आटा-नेहटा मार्ग पर वाहन ने मारी टक्कर

बाइक सवार मां-बेटा घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची 108 एंबुलेंस से घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

घटना की सूचना मिलने पर परिजन भी सीएचसी पहुंच गए। घटना की तहरीर दिए जाने की तैयारी चल रही थी।

# जमीन के बंटवारे को लेकर भाइयों में चली लाठी, तीन घायल

**गुन्नौर, अमृत विचार :** जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद में सगे भाइयों में लाठियां चलीं। जिसमें किशोरी समेत तीन लोग घायल हो गए। किशोरी को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव बिजुआनगला निवासी जयपाल और राजाराम के बीच पैतृक जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। शनिवार शाम को दोनों में कहासुनी के बाद लाठियां निकल आईं और मारपीट होने लगी। जिसमें जयपाल, उसकी बेटी उर्मिलेश और राजाराम घायल हो गए।

घायलों को सीएचसी ले जाया गया लेकिन हालत गंभीर होने पर उर्मिलेश को जिला अस्पताल रेफर किया गया। नरौरा बैराज चौकी इंचार्ज विजेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राजाराम व रमाशंकर को शांतिभंग करने में गिरफ्तार किया है।

# बहन को देह व्यापार में धकेलने का आरोपी भाई गिरफ्तार

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने ममेरी बहन के साथ दुष्कर्म कर उसे देह व्यापार के धंधे में धकेलने के आरोपी फुफेरे भाई को गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि फुफेरे भाई ने दुष्कर्म करने के बाद किशोरी को कोठे पर बेच दिया था। गर्भवती होने पर किशोरी को गर्भ निरोधक दवा खिलाई थी।

एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी मेघपाल सिंह ने बताया कि ममेरी बहन के साथ दुष्कर्म करने व 15 हजार रुपये लेकर कोठे पर बेचने का आरोपी नखासा थाना क्षेत्र के गांव रुकनुद्दीन सराय निवासी कासिम फरार चल रहा था। शनिवार को सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कासिम को गिरफ्तार कर लिया। बताया कि करीब पांच माह पहले पिता ने अपनी 16 वर्षीय पुत्री को

**कार्रवाई**

▸▸ फुफेरे भाई ने दुष्कर्म करने के बाद किशोरी को बेच दिया था

50 हजार रुपये में दिल्ली में जीबी रोड पर बेचकर वेश्यावृत्ति के धंधे में धकेल दिया था। मुलाकात होने पर किशोरी ने दिल्ली में काम कर रहे फुफेरे भाई कासिम से वेश्यावृत्ति के धंधे से बाहर निकालने के लिए मदद मांगी। कासिम ने यहां से निकालकर किशोरी के साथ दुष्कर्म किया और 15 हजार रुपये लेकर कासिम ने किशोरी को फिर से बेच दिया। गर्भवती होने पर कासिम ने किशोरी को गर्भ निरोधक दवा खाने को दी। जिससे किशोरी की हालत बिगड़ गई। किसी तरह किशोरी यहां से निकलकर दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहुंची और ट्रेन पकड़कर 21 मार्च की सुबह मुरादाबाद आ गई।

# ग्रामीण पर हमले के बाद जंगली जानवर की दहशत

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** पंवासा विकासखंड क्षेत्र में जंगली जानवर तीन दिन में एक गोवंशीय पशु व फसल की रखवाली करते समय एक ग्रामीण को अपने हमले से घायल कर चुका है। आश्वासन देने के बाद भी वन विभाग की टीम ने जंगली जानवर को पकड़ने के लिए सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए हैं। दूसरी बार हमला होने के बाद भी वन विभाग की टीम ने गांव नहीं पहुंची है। जिससे ग्रामीणों में दहशत है।

विकासखंड क्षेत्र के गांव रुदायन निवासी ग्रामीण ऋषिपाल, चंद्रकेश,किशनपाल, मितलेश, वीरेश और पप्पू ने बताया शनिवार को बताया कि बुधवार की रात जंगली जानवर ने हमला कर गोवंशीय पशु को घायल किया था। सूचना मिलने पर गुरुवार को वन विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर

▸▸ वन विभाग ने जानवर पकड़ने को सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए

ग्रामीणों को जंगली जानवर की पहचान करने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने का आश्वासन दिया था। लेकिन तीन दिन गुजरने के बाद भी वन विभाग की टीम की ओर से सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए गए हैं। इसी बीच शुक्रवार की रात ग्रामीण सत्यवीर पर जंगली जानवर ने पड़ोसी गांव नूरपुर के जंगल में फसल की रखवाली करते समय हमला कर दिया था। जिसमें सत्यवीर जख्मी हो गया था। सूचना मिलने के बाद भी वन विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर जंगली जानवर की तलाश नहीं की है। जिससे ग्रामीणों में वन विभाग को लेकर रोष व्याप्त हो रहा है। वहीं वन विभाग के दरोगा यादव चंद ने बताया कि वन विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है।

# पेड़ पर लटका मिला ग्रामीण का शव

**बहजोई, अमृत विचार :** घर से निकले ग्रामीण का शव जंगल में पेड़ पर लटका मिला। उधर से गुजर रहे ग्रामीणों ने देखा तो मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया।

बहजोई के गांव कान्हू धामपुर निवासी ग्रामीण मुकेश कुमार अपने घर से कह कर गया था कि वह खेत पर जा रहा है। खेत पर जाने के बाद मुकेश घर वापस नहीं लौटा। गांव से कुछ ही दूरी पर जंगल में मुकेश का शव पेड़ पर लटका हुआ नजर आया। उधर से गुजर रहे राहगीरों जब ग्रामीण का शव पेड़ से लटका देखा तो यह खबर गांव में आज की तरह फैल गई। मौके पर दर्जनों ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस ने ग्रामीण की मौत के बारे में जानकारी करते हुए शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल सत्येंद्र पवार ने बताया कि प्रथम दृष्टा मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है।





होली मिलन समारोह में फाग गातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# बच्चों ने होली के गीतों पर नृत्य कर समां बांधा

संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** भारत विकास परिषद के द्वारा अनुष्क सेलीब्रेशन हाल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फूलों की होली, डांस, कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कवि रमेश अधीर, चिराग शर्मा, विनीत आशना, दुर्गा टंडन, जयशंकर दुबे ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम के दौरान सुंदर परिधानों में सजे बच्चों

▸▸ भारत विकास परिषद का होली मिलन समारोह

ने रंगारंग होली के गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति से मनमोह लिया। इस दौरान विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम व द्वितीय स्थान पाने वाले विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। महिलाओं ने ढोलक की थाप पर होली के फाग गाए। अध्यक्ष एसएन शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को भारत विकास परिषद का परिचय दिया। सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने बताया कि यह त्योहार प्रेम और सद्भाव का प्रतीक है। इस अवसर पर डीसी गुप्ता, रेखा रस्तोगी, कल्पना गुप्ता, आशा गोस्वामी, संगीता शर्मा, सरोज शर्मा, भावना गुप्ता, विपिन गुप्ता, श्वेता गुप्ता, यतेंद्र गुप्ता, निष्ठा गोस्वामी, कल्पना वार्ष्णेय, सोनी सिंह, महिपाल सिंह, पूनम शर्मा, विजय पांचाल, पुष्पा गुप्ता, दृगपाल सिंह, नवीन कुमार गुप्ता, मंजू गुप्ता आदि रहे।

**परेशानी** डोर टू डोर सफाई कर्मचारी कर रहे ऐसा काम, बदबू से लोग परेशान

# शहर का कूड़ा आबादी के बीच फेंक रहे सफाई कर्मी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों द्वारा गोशाला रोड स्थित खाली स्थान पर कूड़ा डाला जा रहा है। यह स्थान आबादी के बीच है और पास ही प्रमुख मार्ग भी है। कूड़ा पड़ा होने से दुर्गंध से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने उस स्थान पर कूड़ा न डालने की मांग की है।

नगर पालिका द्वारा गांव कैथल में ट्रचिंग ग्राउंड बनाया गया है। शहर से एकत्र किए गए कूड़े को ट्रचिंग ग्राउंड में ही डाला जाता है। मगर पिछले कुछ दिनों से नगर पालिका के डोर-टू-डोर वाहन कर्मचारी गोशाला रोड स्थित खाली स्थान पर कूड़ा डालने का कार्य कर रहे हैं। जिससे कूड़े के ऊंचे-ऊंचे ढेर लगने शुरू हो गए हैं। लोगों का कहना है कि बरसात के बाद कूड़े में पानी भरने के बाद अधिक दुर्गंध आएगी तथा संक्रामक बीमारियां फैलने का भी डर बना रहेगा। इसलिए नगर पालिका से उक्त स्थान पर कूड़ा न डालने की मांग की है।



चन्दौसी के गोशाला रोड पर खाली जमीन पर फेंका गया शहर का कूड़ा।

"फिलहाल इस विषय में जानकारी नहीं है। मगर नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा आबादी के बीच खाली स्थान पर कूड़ा डाला जा रहा है, तो वह गलत है। जानकारी कराई जा रही है।" –नीतू सिंह, एसडीएम-ईओ, नगर पालिका



"हमारी दुकान से सटे वाले स्थान पर ही पिछले कई दिनों से नगर पालिका के कर्मचारी द्वारा कूड़ा डाला जा रहा है। जिससे उठने वाली दुर्गंध से दुकान पर बैठना मुश्किल बना हुआ है।" –दीपक शर्मा, दुकानदार



"गोशाला रोड पर ही हमारी दुकान है। हमें अक्सर दुकान के बाहर बैठकर ही कार्य करना पड़ता है। पास में खाली स्थान पर पड़ रहे कूड़े से हर समय दुर्गंध आती रहती है।" –अलीम, दुकानदार

# शिविर में शिक्षकों को किशोरोन्मुखी स्वास्थ्य सेवाओं की दी जानकारी

संवाददाता, गुन्नौर

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सीएचसी सभागार में स्कूल हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम संबंधी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें ब्लॉक क्षेत्र के इंटर कॉलेज, उच्च प्राथमिक विद्यालयों और कंपोजिट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों व इंचार्ज अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया गया। किशोर व किशोरियों के साथ मित्रवत व्यवहार करने के साथ ही किशोरोन्मुखी स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

सीएचसी अधीक्षक डा. पवन सिंह ने शिक्षकों व स्वास्थ्य अधिकारियों को किशोर विकास, व्यवहार, किशोरोन्मुख सेवाओं के बारे में बताया। डा. एच रहमान ने



गुन्नौर में प्रशिक्षण में शामिल अध्यापक।

कहा कि किशोरियों को अनियमित गर्भधारण, परिवार नियोजन के बारे में बेझिझक जानकारी दी जाए। स्कूलों में बच्चों को हेल्थ एंबेसडर नियुक्त किया जाए। आये दिन देखा जाता है कि किशोर व किशोरियां थोड़ी सी बातों को लेकर उलझ जाते हैं, जिससे आर्थिक, शारीरिक व मानसिक नुकसान होता है। बीईओ देवेंद्र सिंह, फार्मासिस्ट दीपक यादव, राजकुमार शर्मा, ब्रजकिशोर यादव, प्रधानाध्यापक, शिक्षक और स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## सार संक्षेप





जागरुकता रैली निकालते एसएम कॉलेज रासेयो के छात्र। ● अमृत विचार

### रैली निकाल ग्रामीणों को किया जागरूक

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एसएम कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई का एक दिवसीय शिविर को शून्य अपशिष्ट दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल की साफ-सफाई की। इसके बाद गांव में रैली निकालकर ग्रामीणों को स्वच्छता, मतदाता जागरुकता, पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति व आपदा प्रबंधन जैसे विषयों पर पोस्टर व स्लोगन के माध्यमों से जागरूक किया। जिसमें बताया गया कि स्वयंसेवकों द्वारा दिए गए सकारात्मक संदेशों का ग्रामीणों पर प्रभाव पड़ता है। जिससे वह पर्यावरण संरक्षण, नशा, मुक्ति, सड़क सुरक्षा व मतदाता जागरुकता के विषय में आगे आकर अन्य लोगों को जागरूक कर सकते हैं। दूसरे सत्र में हुई विचार गोष्ठी में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशेष कुमार पांडेय कहा कि आज अपशिष्ट पदार्थ की समस्या पर्यावरण के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। पर्यावरण के संरक्षण के लिए रीयूज, रिड्यूस व रीसाइकल के सिद्धांतों पर जोर दिया। इस दौरान अभिनव, अनुराग सोनी, कमल किशोर, हर्ष राघव, दिव्यांशु, शैलेश, रोहित, अमिताभ, सौरभ, आदि मौजूद रहे।

### सीपीएस का परीक्षाफल घोषित, होनहार पुरस्कृत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर के बहजोई रोड स्थित चन्दौसी पब्लिक स्कूल में शनिवार को वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। प्राप्तांकों के साथ यूनिफार्म, ऑलराउंडर व सर्वाधिक उपस्थिति वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय में टॉपर्स नर्सरी से यूकेजी फबीहा फातिमा, कक्षा एक से आठ में शिवि राघव व देव पाठक, यूनीफार्म में इशिका राघव, शिखा भारती, तान्या चौहान प्रथम स्थान पर रहे। ऑलराउंडर में मयंक चौधरी, छवि आर्य, परी नाज, गौरी शर्मा, सर्वाधिक उपस्थिति में युवराज सिंह, अनन्या शर्मा, नैतिक राघव, अनुभवी सिंह, संध्या, एकांश शर्मा, मनु सिंह, एंजलीना सिंह, फैजान को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सीओओ मधुलिका सिंह, मेजर एके शर्मा ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### आंबेडकर जूनियर हाईस्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित

चन्दौसी, अमृत विचार : नगर क्षेत्र के गांव पथरा स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर जूनियर हाईस्कूल में शनिवार को वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। जिसमें कक्षा एक से कक्षा आठ तक में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र- छात्राओं को पुरुस्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान विद्यालय की प्रबंधक ममता रानी ने कहा कि जो भी बच्चे अपनी कक्षा में अच्छा स्थान प्राप्त करने से रह गए हैं, वे निराश न हों। बल्कि अगले सत्र में इससे भी अधिक मेहनत करें। प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी ने कहा कि सभी बच्चे अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए पूरी लगन से मेहनत करते हैं, लेकिन परीक्षा में पूछे गए सवालों का उत्तर लिखने का तरीका भी उन्हें कुछ अलग बनाता है।

### सांड़ों का झुंड देखकर भागने लगे लोग

**बबराला, अमृत विचार :** छुट्टा गोवंश पशु लोगों की जान के लिए खतरा बन गए हैं। शनिवार शाम इंदिरा चौक पर सांड़ों का जमावड़ा देखकर भगदड़ के हालात बन गए। लोग बचने के लिए इधर उधर भागने लगे। शनिवार शाम करीब सात बजे नगर के अति व्यस्त इंदिरा चौक पर सांड़ों का झुंड पहुंच गया। आपस में लड़ते हुए सांड़ चौराहे पर काफी देर तक इधर से उधर दौड़ते रहे। इस दौरान लोग सांड़ों के हमले से बचने के सुरक्षित जगहों पर भागते नजर आए। लोगों ने प्रशासन से सांड़ों को पकड़वाकर सुरक्षा की मांग उठाई।

### महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा, गूंजे जयकारे

**असमोली, अमृत विचार :** असमोली क्षेत्र के शाहपुर सोत गांव में माता चामुंडा की मूर्ति के स्थापना दिवस पर गांव में कलश यात्रा निकालकर मंदिर परिसर में आयोजित भंडारे में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। राधा कृष्ण बने कलाकारों ने कलश यात्रा में भजनों पर नृत्य किया। थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर सोत में मां चामुंडा देवी की मंदिर में मूर्ति के चौथे स्थापना दिवस पर शनिवार को गांव की 51 महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा चामुंडा मंदिर से शुरु होकर वापस चामुंडा मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। कलश यात्रा में राधा कृष्ण बने कलाकारों ने भजनों पर जमकर नृत्य किया। स्थापना के मौके पर शामिल ग्रामीणों ने मंदिर परिसर में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र चौधरी, सोनू चाहल व कलश यात्रा में शामिल महिलाएं ममता देवी, सविता, सुनीता, कमलेश, कमल, आशा, मधु, सोनम, अंशु, किरन, प्रीति, रीता, सलोनी, निधि, रिंकी, सरिता, आंचल आदि मौजूद रहीं।

### महिलाएं हर क्षेत्र में हासिल कर रहीं मुकाम

**चन्दौसी, अमृत विचार :** मॉडल पब्लिक एजूकेशन कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का एक दिवसीय शिविर को नारी सशक्तीकरण के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसबीएन श्रीवास्तव, डॉ. राजकुमार गोयल ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। डॉ. राजकुमार गोयल ने कहा कि रानी लक्ष्मी बाई, गार्गी ने नारी की शक्ति को पहचान दी। महिला कभी कमजोर नहीं होती, वह सशक्त होती है। बस उन्हें अपने आप को पहचानने की जरुरत होती है। जिन महिलाओं ने अपनी प्रतिभा को पहचाना, उन्होंने एक ऊंचा मुकाम हासिल कर मिसाल पेश की है। बताया कि आज नारी पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। वह हर क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी मधु राठौर व राजू पाल, डॉ. दीपक उपाध्याय, डॉ. संजय नागर, डॉ. रश्मि यादव, आयुषी मेहरा, अनामिका सैनी, इकरा, किरण, रेनू, ज्योति, लवी, सारिका आदि मौजूद रही।

### 1137 ग्राम चरस के साथ एक गिरफ्तार

**चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर पुलिस ने 1137 ग्राम चरस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। शनिवार की सुबह थाना बनियाठेर के उप निरीक्षक अजीत सिंह मय टीम के गश्त पर थे। उसी समय चेकिंग के दौरान गांव पथरा तारापुर के निकट बेहतरी गांव के जंगल में शिवालय चौराहे से जियाउद्दीन पुत्र बजरुद्दीन उर्फ बदरुद्दीन निवासी मोहल्ला पीला खदाना थाना हयातनगर जिला संभल को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 1137 ग्राम चरस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस युवक को मय बाइक के थाने ले आयी। थानाध्यक्ष मोहित कुमार काजला ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

### सिर में डंडा मार कर मोबाइल ले गए बाइक सवार

**चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर क्षेत्र के चन्दौसी-गुमथल मार्ग पर बीती रात बाइक सवार बदमाशों ने साइकिल सवार ग्रामीण के सिर में डंडा मार कर घायल कर दिया और मोबाइल लूट कर भाग निकले। सूचना पाकर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जानकारी की। थाना पुलिस को तहरीर दी गई है। थाना क्षेत्र के गांव गुमथल निवासी कुलवंत सिंह पुत्र हरपाल सिंह चन्दौसी में स्टेशन रोड स्थित इलेक्ट्रॉनिक की दुकान पर काम करता है। रोजाना की तरह शुक्रवार की देर शाम करीब साढ़े सात बजे वह ड्यूटी खत्म करके साइकिल से घर लौट रहा था। चन्दौसी-गुमथल मार्ग पर जनैटा और बनियाठेर चौराहा पर पहुंचा ही था। उसी समय तेज रफ्तार बाइक उसके पास आकर धीमी हुई। पीड़ित ने बताया कि बाइक पर तीन लोग सवार थे। इससे पहले वह कुछ समझ पाता। बदमाशों ने उसके सिर पर डंडे से वार कर दिया। जिससे वह लहूलुहान होकर गिर गया। बदमाशों ने साढ़े 12 हजार रुपये कीमत का उसका मोबाइल लूट लिया और फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार प्लंबर की मौत

**संभल, अमृत विचार :** अमरोहा की तहसील हसनपुर में होली चौक सुखदेवी इंटर कॉलेज के पास के निवासी अनिल 35 वर्ष शनिवार की रात आठ बजे बाइक पर सवार होकर सदर कोतवाली क्षेत्र में चंदौसी मार्ग पर जा रहा था। कुरुक्षेत्र के मैदान के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे अनिल सड़क पर गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और अनिल को उपचार के लिए ई रिक्शा से जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने उपचार शुरू ही किया था कि अनिल ने दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जेब में निकले आधार कार्ड व मोबाइल नंबर से पहचान कर अनिल के परिजनों को हादसे की सूचना दी। परिजनों ने बताया कि अनिल प्लंबर का काम करता था और छह बजे बाइक लेकर घर से आया था।

एक नजर

### आपसी विवाद में सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**हल्दौर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने सात लोगों को हिरासत में लिया। सब्जी की खरीदारी के दौरान दो पक्षों में बीच बाजार में झगड़ा हो गया, जिसमें दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चले। पुलिस ने मोहम्मद शाद, अरशद, जुबैर समीर, नफीस, फिरोज, फैजान को गिरफ्तार कर लिया।

### पुत्री से अश्लील हरकत के आरोप में पिता गिरफ्तार

**बिजनौर, अमृत विचार :** महिला ने पति पर नाबालिग बेटी के साथ अश्लील हरकतें करने तथा छेड़छाड़ कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामला थाना नजीबाबाद क्षेत्र के एक गांव का है, जहां की महिला ने स्थानीय थाने में तहरीर देते हुए पति के ऊपर नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड़ तथा अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए पिता को गिरफ्तार कर लिया है।

# चुनाव को पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण बनाएं

## विज्ञापन व्यय को एमसीएमसी गठित, मीडिया में विज्ञापन की दर निर्धारित की गई है

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर


लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों की बैठक लेते चुनाव प्रेक्षक राहुल कुमार जैन एवं पंकज अग्रवाल व जिलाधिकारी।

**अमृत विचार:** लोक सभा चुनाव के प्रेक्षक सामान्य (बिजनौर) राहुल कुमार जैन एवं नगीना के पंकज अग्रवाल ने राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि सभी आयोग के जारी हिदायतों का पालन करना सुनिश्चित करें। चुनाव को पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने में प्रशासन व निर्वाचन आयोग का सहयोग करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आदर्श आचार संहिता का किसी भी स्तर पर उल्लंघन नहीं होना चाहिए।

अधिकारियों को निर्देश दिए सार्वजनिक स्थानों, सम्पत्तियों पर किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री लगी हुई नहीं पाई जाए, यदि किसी स्थान पर किसी प्रत्याशी द्वारा सरकारी सम्पत्ति पर प्रचार सामग्री लगाई या चिपकी पाई जाए तो उस सामग्री को अपने कब्जे में लेते हुए संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। राहुल कुमार जैन ने राजनीतिक दलों को निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने दलों के प्रत्याशियों से कहा कि सभी निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में सम्पन्न कराने में सहयोग करें। कहा कि किसी भी स्तर पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न होने पाए।

प्रेक्षक (व्यय) कपिल यादव एवं वसंत कुमार ने कहा के प्रत्याशियों के व्यय के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा व्यय सीमा का निर्धारण किया गया है। व्यय लेखा व्यवस्थित रखने के साथ लेखांकन टीम के पास ऑडिट करवाना है। सभी व्यय लेखा के कार्य के लिए एक अच्छे लेखाकार को नियुक्त करना सुनिश्चित करें। बताया कि प्रत्याशियों के विज्ञापन व्यय के लिए एमसीएमसी गठित की गई हैं, जिसमें मीडिया मॉनिटरिंग की जा रही है। मीडिया में विज्ञापन की दर निर्धारित की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने आश्वस्त किया कि जिले में सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण रूप से निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। निर्वाचन को पूर्ण रूप से पारदर्शी निष्पक्ष बनाए रखने के लिये वीडियो निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, व्यय अनुवीक्षण कक्ष, स्टेटिक सर्विलांस टीम, उड़नदस्ता टीम, सहायक व्यय प्रेक्षक, लेखा, लेखा टीम तथा मीडिया प्रमाणन और अनुवीक्षण समिति सहित विभिन्न टीमों का गठन किया गया है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन, प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी अरविंद कुमार सिंह के अलावा सभी संबंधित अधिकारी एवं समस्त राजनैतिक दलों के प्रत्याशी एवं प्रतिनिधि मौजूद थे।

सार-संक्षेप

### ग्रीनवुड कान्वेंट स्कूल की सिमराह ने स्कूल में टॉप किया

**नहटौर, अमृत विचार :** ग्रीनवुड कान्वेंट स्कूल की सिमराह ने 99.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी क्लास के साथ स्कूल में टॉप किया। सिमराह के स्कूल टॉप करने पर परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। अंसारी की पुत्री ने स्कूल में टॉप किया प्रबंधक काजी जमाल नासिर तथा उसकी क्लास टीचर बुशरा परवीन ने उसका उत्साहवर्धन करते हुए उसे ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।


सिमराह को पुरस्कृत करते ग्रीनवुड कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक काजी जमाल नासिर। ● अमृत विचार

सिमराह ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और ग्रीनवुड स्कूल के प्रबंधक काजी जमाल नासिर व प्रिंसिपल सबा फातिमा और अपनी स्कूल अध्यापिकाओं को दिया।

### अलग-अलग स्थानों से चार वारंटी गिरफ्तार, जेल भेजे गए

**अफजलगढ़, अमृत विचार :** क्षेत्र में वारंटियों के खिलाफ अभियान में एसआई संदीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी की। छापामारी के दौरान अलग-अलग स्थानों से पुलिस ने चार वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। वारंटियों के खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी किया गया था, जिसके आधार पर छापेमारी के दौरान दिलशाद अहमद पुत्र अख्तर हुसैन निवासी मोहल्ला बेगम सराय कस्बा अफजलगढ़ व साजिद हुसैन पुत्र मौहम्मद यामीन निवासी मोहल्ला मुमताज हुसैन अफजलगढ़ व मरियम पत्नी शरीफ अहमद तथा इशरत जहां पुत्री शरीफ निवासी कासमपुरगढ़ी कोतवाली अफजलगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### अभियान में दो आरोपी पकड़े, 50 लीटर कच्ची बरामद

**अफजलगढ़, अमृत विचार :** पुलिस द्वारा कच्ची शराब के विरुद्ध अभियान के दौरान पुलिस ने दो आरोपियों को 50 लीटर कच्ची शराब के साथ दबोच लिया। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। थानाध्यक्ष पुष्कर सिंह मेहरा ने टीम का गठन किया है, जिसमें महिला सब इंस्पेक्टर काजल तेवतिया ने गांव भिक्कावाला नहर के समीप दो लोगों को अवैध रूप से कच्ची शराब बेचने के दौरान पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम दर्शन सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी ग्राम लड्डूवाला तथा गोपी पुत्र जीत सिंह निवासी गांव कुआं खेड़ा खदरी थाना बढ़ापुर बताया। गिरफ्तार करने वाली टीम में महिला सब इंस्पेक्टर काजल तेवतिया, हेड कांस्टेबल कलीम हसन तथा कांस्टेबल अमित शर्मा आदि मौजूद रहे। उधर, पुलिस ने धामपुर अफजलगढ़ मार्ग पर स्थित शुगर मिल के समीप आम के बाग में एक युवक को नशीले कैप्सूल सहित पुड़िया के साथ धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के पास से 132 नशीले कैप्सूल सहित पांच पुड़िया कागज बरामद कर मामला दर्ज कर जेल भेज दिया। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अफजलगढ़ धामपुर मार्ग पर स्थित शुगर मिल के समीप एक आम के बैग में आरोपी को नशीले कैप्सूल सहित पुड़ियों के साथ धर दबोचा। आरोपी ने पूछताछ के दौरान अपना नाम सद्दाम पुत्र हनीफ निवासी मोहल्ला नायक सराय कस्बा अफजलगढ़ बताया। थानाध्यक्ष पुष्कर सिंह मेहरा ने बताया कि पुलिस द्वारा एक अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम में महिला सब इंस्पेक्टर काजल तेवतिया, हेड कांस्टेबल बृजमोहन, कांस्टेबल जाबिर खान तथा कांस्टेबल राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीण के बैंक खाते से 80,000 रुपये निकाले, तहरीर

**नहटौर, अमृत विचार :** अज्ञात व्यक्ति ने ग्रामीण के बैंक खाते से 80,000 रुपये निकाल लिए। रुपये निकलने का पता मोबाइल पर आए मैसेज से चला। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर रुपये वापस दिलाने की गुहार लगाई है। ग्राम महमूदपुर बुजुर्ग निवासी नौशाद अहमद पुत्र नबी बख्श का यहां नगर के पंजाब नेशनल बैंक में खाता है। पीड़ित ने बताया है कि 7 मार्च को उसके खाते से किसी अज्ञात व्यक्ति ने चार बार में 20-20 हजार करके 80,000 रुपये निकाल लिए। मोबाइल पर मैसेज आने पर उसे रुपये निकाले जाने का पता चला। जिसके बाद उसने बैंक में शिकायत की लेकिन, बैंक कर्मचारियों ने उसे कोई सन्तोषजनक जवाब नहीं दिया। उधर, पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मधुमक्खियों के हमले में बाइक से गिरी महिला की मौके पर मौत

संवाददाता, धामपुर

**अमृत विचार:** नहटौर मार्ग पर गैस एजेंसी के पास मधुमक्खियों के हमले में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। बाइक पर सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल होने पर मौत हो गई, उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उधर, मधुमक्खियों के हमले के दौरान करीब छह लोग घायल हो गए, जिनमें से चार की हालत नाजुक बनी हुई है। नहटौर क्षेत्र के गांव महमूदपुर भिक्का निवासी अमित के साथ गांव की बिरमो देवी बाइक पर बैठकर आ रही थी। बताया जाता है कि नहटौर मार्ग पर गैस एजेंसी के पास मधुमक्खियों के झुंडों ने राहगीरों पर हमला करना शुरू कर दिया, जिसमें करीब छह लोग घायल हो गए। चार की हालत नाजुक होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसी दौरान अमित की बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, बाइक पर बैठी महिला बिरमो देवी की मौत से परिजनों में कोहराम है।

### पौड़ी हाई-वे पर पेड़ गिरने से कार सवार युवक की मौत

**बिजनौर, अमृत विचार :** मेरठ पौड़ी हाई-वे पर पेड़ गिरने से कार सवार एक युवक की मौत हो गई। दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। बताया गया कि बिजनौर शहर की इंद्रलोक कॉलोनी के सामने सवेरे आई आंधी में पेड़ सड़क पर गिर गया था, जिससे कर की टक्कर होने पर एक व्यक्ति की मौत हो गई। कार सवार क्षेत्र के मंडावली गांव के रहने वाले थे। वह गुड़गांव से कार द्वारा परिवार सहित अपने घर वापस लौट रहे थे। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# ऑक्सफोर्ड स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित

संवाददाता, नहटौर



सम्मानित छात्र-छात्राओं के साथ स्कूल की प्रबंधक लीना सिंघल व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** शनिवार को ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि धामपुर नगर पालिका की पूर्व चेयरपर्सन एवं स्कूल की प्रबंध निदेशिका लीना सिंघल एवं प्रधानाचार्य इदरीस अहमद तथा जूनियर विंग कॉर्डिनेटर तब्बसुम जैदी ने सयुक्त रूप से प्रमाण पत्र, अंकपत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि ने कहा बच्चे कल के देश का भविष्य हैं, इसलिये इनकी अच्छी परवरिश और बेहतर शिक्षा बहुत ही आवश्यक है। कक्षा नर्सरी अ से अबरिश, शार्थक मजूंमदार, वर्दा मुकीत, अनाया, इनाया, अयान अंसारी, अरिज इरफान, हमजा, सहेफ, नेहाल, जतिन त्यागी, शौर्य, महिरा मंसूरी नर्सरी ब से मिष्ठी रानी, तन्वी, परी, अनिकेत कुमार, हंश, काव्या कश्यप व कक्षा एलकेजी अ से प्रत्यक्ष हिरनवाल, अब्दुल्ला अली, अलफिया नाज, दिवांशी शर्मा, अभिजीत चौधरी, योगेश प्रताप, अरहम, हर्ष कुमार, अर्श, अपूर्वा, प्रीत कुमार, रिया, अब्दुल्ला अंसारी, हार्दिक चौहान, अदीबा परबीन, अली रजा एवं कक्षा एलकेजी से अदित्य सैनी, अर्श, अरीबा अंसारी, मयंक, मयंक कुमार, उत्कर्ष कुमार, अधीरा चौधरी, वजिहा अजमत, उमैर अजमल को सम्मानित किया गया। कक्षा 11 पीसीएम से दीपिका रानी, अनुष्का त्यागी, अभय भारती व कक्षा 11 पीसीबी से अस्बा सहर, कंचन सैनी, सुमैया, कक्षा 11 कॉमर्स से जसमिन्दर कौर, नदीम शान, अलमाश, कक्षा 11 हुमैनिटीस से गौरी त्यागी, वंशिका चौधरी, विपुल कुमार ने क्रमशः प्रथम व द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अध्यापक मोनोजीत विश्वास, सर्वेश यादव, फरज़ाना खातून, नवनीत चौधरी, क्षितिज चौधरी, मौ.शोएब, अशोक चौधरी, सचिन कुमार, नेहा महरोत्रा, निशात मिर्जा, पूनम मेहरोत्रा, अंजली रानी, अर्चना शर्मा, उज़मा परवीन, प्रीति रानी, नाज़िया सलमानी, अश्वनी पवार, संकेत गोयल, विवेक कुमार, मोनिका शर्मा, आरती गौड़, नेहा वर्मा, उज़मा, रनदीप बग्गा, बिन्सी चौधरी, अंजुम परवीन आदि उपस्थित रहे। संचालन अध्यापक ललित कुमार ने किया।

# सऊदी अरब के विवाद में पथराव कई लोग गंभीर हाल में रेफर किए

संवाददाता, किरतपुर

▸▸ झगड़े का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से भिड़े परिवार के लोग

**अमृत विचार:** कुरैशी परिवार के युवकों के बीच सऊदी अरब में हुए झगड़े की गूंज यहां तक पहुंच गई। परिणाम स्वरूप दोनों पक्षों के बीच यहां मोहल्ला काजियांन में बीती रात हुए पथराव में एक पक्ष के तीन व दूसरे पक्ष के दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें दो लोगों को बिजनौर रेफर किया गया है।

सलीम कुरैशी व इस्लाम कुरैशी पक्ष के युवक सऊदी अरब काम के सिलसिले में गए हुए हैं। युवकों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया, जिसमें नौबत गाली-गलौज व हाथापाई तक आ गई। झगड़े का वीडियो किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिससे उनके परिजनों में एक दूसरे पक्ष में रोष व्याप्त हो गया। शुक्रवार की रात लगभग रात्रि 9:15 बजे दोनों पक्षों के बीच सलीम कुरैशी की बैठक पर फैसले को लेकर बातचीत चल रही थी, तभी किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। देखते-देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच पथराव शुरू हो गया, जिसमें वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। मोहल्ले में सनसनी फैल गई।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस देख लोग तितर-बितर हो गए। झगड़े में सलीम पक्ष के सलीम कुरैशी जुल्फिकार कुरैशी व आदिल कुरैशी इस्लाम कुरैशी पक्ष के बिलाल व भूरा गंभीर रूप से घायल हो गए, उन्हें किरतपुर सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां से सलीम कुरैशी व जुल्फिकार कुरैशी को बिजनौर रेफर कर दिया गया। मौके की नजाकत को देखते हुए पुलिस देर रात तक घटनास्थल पर मौजूद रही। थाना प्रभारी उदय प्रताप ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल वितरित

**कुंदरकी, अमृत विचार:** ग्राम काजीपुरा स्थित हाजी झंडा खान मेमोरियल इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को रिजल्ट कार्ड दिया गया। कक्षा एक से कक्षा पांच और कक्षा छह से कक्षा नौ एवं कक्षा 11 के विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया। आरव, चंद्रशेखर, बॉबी सागर, हमजा, कृष्णा, फैजान, शिवानी, खदीजा, प्रिंस कुमार, फिजा और सदिया प्रथम स्थान पर रहीं। द्वितीय व तृतीय स्थान पर अदीबा, सेवी, ऋतिक, शोभित, मोहम्मद सानिब, निधि, तालिब, खुशबू, प्रिया, रचित,सुमित, उम्मेहानि, साहिल जीशान शबनूर पर रहे। प्रबंधक डॉक्टर तुफैल अहमद ने शील्ड देकर सम्मानित किया।

# परीक्षाफल घोषित किया गया पुरस्कार से बच्चों के चेहरे खिले

संवाददाता, नगीन

▸▸ नियमित रूप से विद्यालय आने व मन लगाकर पढ़ने का आह्वान

**अमृत विचार:** परिषदीय विद्यालयों में परीक्षाफल घोषित कर दिया गया। परीक्षाफल घोषित होने के बाद प्रगतिपत्र व पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। संकुल प्रभारी ने पुरस्कार व प्रगति पत्र वितरित करते हुए बच्चों से मन लगाकर पढ़ने व नियमित रूप से विद्यालय आने का आह्वान किया।

प्राथमिक विद्यालय विश्नोई सराय द्वितीय के बच्चों को संकुल प्रभारी नगर मनीष राणा ने सफल बच्चों को प्रगतिपत्र व पुरस्कार वितरित करते हुए नियमित रूप से विद्यालय आने व मन लगाकर पढ़ने का आह्वान किया। प्राथमिक विद्यालय विश्नोई सराय द्वितीय के कक्षा पांच के रय्यान ने कक्षा में प्रथम, आयशा ने द्वितीय तथा नूरसबा ने तृतीय कक्षा चार की सारा परवीन ने कक्षा में प्रथम, नरगिस जहां ने द्वितीय तथा फरहान अंसारी व मोहम्मद हारिश ने तृतीय स्थान, कक्षा तीन में अलशिफा ने प्रथम, कशिश ने द्वितीय तथा बिलाल ने तृतीय, कक्षा दो में मोहम्मद फैसल ने प्रथम, अबुजर ने द्वितीय व मोहम्मद अब्दुल्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा एक में अलीशान ने कक्षा में प्रथम, जुनैद ने द्वितीय तथा बिलाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



छात्र को सम्मानित करते प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह। ● अमृत विचार

### मेधावी सम्मानित, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

**कोतवाली देहात, अमृत विचार :** केएस एकेडमी का वार्षिक परीक्षा परिणाम हुआ घोषित। जिसमें सभी कक्षाओं के टॉपर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के साथ उनके माता-पिता और अन्य अतिथि उपस्थित रहे। अध्यक्षता विद्यालय के शिक्षक दानिश ने की। विद्यालय के प्रबंधक कपिल अग्रवाल व प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने सभी छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया। प्रत्येक कक्षा से प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों के सम्मान में छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। विद्यालय के प्राचार्य इंद्रपाल सिंह ने आभार प्रदर्शन किया। पुरस्कृत छात्रों में नर्सरी रोज से कार्तिक वर्मा प्रथम नवा जहरा द्वितीय व इनाया परवीन तृतीय स्थान पर रही। नर्सरी लोटस से जैद प्रथम जहरा बतूल द्वितीय आरव कुमार तृतीय स्थान पर रहे, नर्सरी लिली से अब्दुल समद प्रथम बिलाल मेहंदी द्वितीय शिविन तृतीय स्थान पर रहे। एल के जी रेड से इशिता प्रथम माही द्वितीय इनायत तृतीय, एलकेजी येलो से इर्जी प्रथम हुमैरा द्वितीय ईशनीति तृतीय एलकेजी पिंक से अदिला फातिमा प्रथम अमानिया द्वितीय रिमशा तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 11 अ से अक्षत प्रथम नमन द्वितीय और फायदा तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 11 ब से शिवांशी प्रथम कशफ द्वितीय हर्ष सैनी तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 11 स से सुलेमान प्रथम आशु कुमार द्वितीय व निखिल तृतीय स्थान पर रहे। अभिभावकों ने बच्चों की सफलता का श्रेय प्रधानाचार्य और शिक्षकों को दिया।

# जिम में युवक की हालत बिगड़ी, उपचार में गई जान

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** पटवाई थाना क्षेत्र के गांव भंवरका निवासी युवक की रामपुर की जिम में व्यायाम करते समय हालत बिगड़ गई। निजी अस्पताल से रेफर करने के बाद परिजनों ने मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

गांव भंवरका निवासी सुदेश यादव (24) राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव का तहेरा भाई था। वह अपने भाई के साथ शहर में रहकर कौशल विकास केंद्र में नौकरी कर रहा था। रोजाना की तरह वह अपने भाई के साथ जिम में व्यायाम करने पहुंचे। इस दौरान अचानक उसकी हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में सुनील यादव ने साथियों की सहायता से सुदेश को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने हालत नाजुक होने पर रेफर कर दिया। इस पर परिजन उसे मुरादाबाद के निजी अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने बताया कि सुदेश के दिमाग की नस फट चुकी है। शनिवार की सुबह उसका ऑपरेशन होना था, लेकिन उससे पहले ही सुदेश ने दम तोड़ दिया। परिजनों की ओर से कोई भी पुलिस कार्रवाई नहीं की गई है।

### डेढ़ वर्षीय बच्ची की पानी से भरी बाल्टी में गिरकर मौत

**मसवासी, अमृत विचार :** डेढ़ वर्षीय की बच्ची की पानी से भरी बाल्टी में गिरकर मौत हो गई। बालिका की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। मोहल्ला धीमरखेड़ा निवासी सरदार शीकू सिंह के बरामदे में पानी से भरी बाल्टी रखी थी। शीकू की डेढ़ वर्षीया बेटी शिवानी बच्चों के साथ खेल रही थी। अचानक शिवानी मुंह के बल बाल्टी में गिर गई। बच्चों ने चीख-पुकार मचाई। तब मौके पर पहुंचे परिजनों ने शिवानी को बाल्टी से बाहर निकाला। परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


रक्तदान करते डॉक्टर फैजान।

## रमजान में रक्त देकर बचाई महिला की जान

**कुंदरकी, अमृत विचार:** शान ए कुंदरकी ग्रुप रक्त डोनेशन के वरिष्ठ सदस्य डॉ. फैजान खान ने रमजान खोलकर अपना बी-पॉजिटिव ब्लड देकर महिला की बचाई जान।

महिला आसिया संभल की रहने वाली हैं, जिसको एक यूनिट बी पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता थी। डॉ फैजान ने मुरादाबाद पहुंचकर ब्लड बैंक में रक्त देकर महिला की जान बचाई।

महिला के परिजनों ने डॉ फैजान का शुक्रिया अदा किया साथी अपनी दुआओं से नवाजा। वहीं शान ए कुंदरकी रक्त ग्रुप के संस्थापक रिजवान अशरफी ने बताया कि ग्रुप से जुड़े युवा बिना किसी भेदभाव के निशुल्क सभी जरूरतमंद भारतीयों को रक्तदान देकर महादान कर रहे हैं।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को मौत के घाट उतारा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/केमरी

▸▸ पति सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, जांच शुरू

**अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालियों ने महिला को मौत के घाट उतार दिया। मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

खजुरिया थाना क्षेत्र के गांव बलखेड़ा निवासी प्रेम सिंह का कहना है कि उसने अपनी बेटी कविता (25) का विवाह छह साल पहले केमरी थाना क्षेत्र के मुबारकपुर निवासी सोनू से किया था। सोनू मजदूरी करता है। शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल वाले दहेज की मांग करने लगे। मांग पूरी नहीं होने पर कविता साथ आए दिन मारपीट करते थे। पिता का कहना है कि शनिवार की सुबह करीब 10 बजे ससुरालियों ने उनकी बेटी को मारा डाला। जानकारी मिलने के बाद मायके वाले मौके पर पहुंच गए और शव को देख बुरी तरह बिलखने लगे। सूचना पाकर पुलिस भी पहुंच गई। मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति सोनू, जेठ जितेंद्र, सुसर नन्हें, सास केशरवती के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही महिला की मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क हादसे में महिला की मौत, दो लोग घायल

**टांडा, अमृत विचार :** शनिवार की दोपहर सीकमपुर चौराहे पर दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में महिला की मौके पर मौत हो गई। जबकि दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

## चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने पर रालोद ने जताई खुशी

**बिजनौर, अमृत विचार:** पूर्व प्रधानमंत्री व लोकदल के संस्थापक चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने का रालोद ने स्वागत किया है। एक दूसरे को गुड़ खिलाकर खुशी व्यक्त किया है।

चौधरी सुखबीर सिंह ने कहा चौधरी साहब का किसानों के प्रति प्रेम व लगाव था। वह किसानों की लड़ाई लड़ते थे। केंद्र सरकार द्वारा जननायक कर्परी ठाकुर एवं पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने के फैसले का हम सभी स्वागत करते हैं।दिल्ली में भारत रत्न मिलने पर बिजनौर में राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को गुड़ खिलाया। राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता हाथों में गुड़ लेकर सड़क पर निकले और लोगों में भी गुड़ बांटा। पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपने नेता जयंत चौधरी को बधाई दी।

### डूंगरपुर के एक मामले में 4 अप्रैल को होगी सुनवाई

रामपुर, अमृत विचार : डूंगरपुर प्रकरण के एक मामले में पत्रावली अंतिम बहस में लगी हुई थी। इस पर शनिवार को बहस नहीं हो सकी। अब इस मामले में चार अप्रैल को सुनवाई होगी। सपा शासन में डूंगरपुर बस्ती को खाली कराया गया था। इसमें वहां के लोगों ने 12 मुकदमे 2019 में दर्ज कराए थे। इनमें आरोप लगाया था कि सपा नेता आजम खां के इशारे पर बस्ती में सपाई घुस आए थे और उनके घरों को बुलडोजर से गिरा दिया था। मारपीट और लूटपाट भी की गई थी। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए (सेशन ट्रायल) कोर्ट में चल रही है। शनिवार को इस मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। अब चार अप्रैल को सुनवाई होगी।

### पिता-पुत्र को घेर कर पीटा, पुलिस को तहरीर

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** रामनगर खागूवाला निवासी मोहम्मद अजीम ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसका भाई मुजीम शनिवार की शाम बाइक से गांव के बस स्टैंड पर जा रहा था। रास्ते में फहीम पुत्र अब्दुल गफूर की लड़की ने ईंट उठाकर मार दिया। मुजीम ने विरोध किया तो फहीम खुर्शीद, वसीम शमशीद और शमी ने घेर कर मुजीम को मारापीटा।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

